DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

▸▸ सोयाबीन और कपास किसानों की MSP में हुई अनियमितता

▸▸ अनियमितताओं को लेकर फडणवीस सरकार ने एक नई समिति गठित की

# मुख्यमंत्री फडणवीस और उपमुख्यमंत्री शिंदे के बीच सियासी शीतयुद्ध!

**धीरज सिंह | मुंबई**

महाराष्ट्र में महायुति की प्रचंड जीत के बाद नई सरकार के दो महीने पूरे कर चुकी है लेकिन बीजेपी और शिवसेना के बीच सबकुछ ठीक नहीं होने की चर्चा के बाद अब उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस के बीच कोल्ड वॉर (शीत युद्ध) की चर्चाओं ने राजनीतिक हलकों में गर्मी बढ़ा दी है। क्या मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच शीतयुद्ध चल रहा है? ये सवाल अब भी इसलिए उठ रहे है क्योंकि पिछली सरकार में मुख्यमंत्री रहते हुए एकनाथ शिंदे ने जो फैसले लिए थे, उनमें से कई फैसलों पर मौजूदा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस अलग-अलग तरीकों से जांच बैठा रहे हैं। ताजा मामला महाराष्ट्र के सोयाबीन और कपास किसानों की MSP में हुई अनियमितताओं को लेकर सामने आया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) और फसल खरीद से जुड़ी कथित अनियमितताओं को लेकर फडणवीस सरकार ने एक नई समिति गठित कर दी है। इस कदम से पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके कार्यकाल के दौरान विपणन मंत्री रहे अब्दुल सत्तार के फैसलों पर सवाल उठ रहे हैं।



### छह सदस्यीय समिति का गठन

सरकार ने पाया कि NAFED की सूची में शामिल कई नोडल एजेंसियों के पास प्याज, कपास और सोयाबीन जैसी फसलों की खरीद का अनुभव नहीं था। ये एजेंसियां राजनीतिक हस्तक्षेप से चुनी गई थीं। इनकी संख्या, जो दो साल पहले केवल 8 थी, शिंदे के कार्यकाल में बढ़कर 44 हो गई। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री जयकुमार रावल की अगुआई में बनी छह सदस्यीय समिति का गठन उन शिकायतों के बाद किया गया है, जिनमें आरोप था कि पिछली सरकार के कार्यकाल में कुछ नोडल एजेंसियां किसानों से MSP के नाम पर अवैध रूप से धन वसूल रही थीं। महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री संजय शिरसाट अपनी ही सरकार के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। उन्होंने साफ कहा है, अगर किसी एजेंसी ने गलत किया है और उसकी जांच हो रही है तो हम उसके साथ हैं। हमारी सरकार का साफ मानना है जिसने गलत किया है उसे एक्सपोज करो।



### कई नोडल एजेंसियों में एक ही परिवार के कई लोग शामिल

कुछ एजेंसियों ने किसानों से उनकी फसल खरीदने के लिए फार्म प्रोड्यूसर कंपनियों से धन की मांग की। किसानों से खरीद प्रक्रिया में भी पैसा लिया गया। जिन एजेंसियों याने SLA ने MSP के लिए 2 प्रतिशत कमीशन कमाया, उसमें ज्यादातर एकनाथ शिंदे के नेताओं के खास थे। पहले इनकी संख्या सिर्फ 8 थी लेकिन शिंदे सरकार में इनकी संख्या 44 से ज्यादा हो गई। अब कांग्रेस पार्टी इस पर सवाल उठा रही है और गहन जांच की मांग कर रही है। बड़ी बात ये है कि इनमें से कई नोडल एजेंसियों में एक ही परिवार के कई लोग शामिल थे। महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री जयकुमार रावल ने कहा कि पिछली सरकार ने बिना अनुभव वाली कई एजेंसियों को मंजूरी दी। इससे उनकी संख्या 44 पार तक पहुंच गई। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ राजनेताओं और व्यापारियों को भी SLA (राज्य स्तरीय नोडल एजेंसियां) बनने की इजाजत दी गई।

### फडणवीस के साथ नहीं दिख रही है शिंदे की ट्यूनिंग

शिंदे की नाराजगी की एक वजह नहीं है। विधानसभा चुनावों के बाद उन्हें सीएम बनने की उम्मीद थी। जब उन्हें सीएम की कुर्सी नहीं मिली तो वे चाहते थे कि गृह विभाग उन्हें मिले। फडणवीस ने यह विभाग अपने पास रखा। इसके बाद शिंदे को उम्मीद थी कि शिवसेना को सरकार में उचित सम्मान मिलेगा। इसके उलट दिसंबर में फडणवीस ने शिंदे की अगुवाई वाली सरकार के कई फैसला का रिव्यू कर दिया। बात यहीं पर खत्म नहीं हुई जब फडणवीस ने पालक मंत्री की नियुक्ति की तो इसमें भी शिवसेना की मांग के अनुरुप फैसले नहीं हुए। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि अभी हाल ही में शिवसेना विधायकों की सुरक्षा घटाने की वजह से भी शिंदे नाराज है।

शिंदे की नाराजगी की सिर्फ इतने कारण नहीं है बल्कि ठाणे में बीजेपी से जीतकर मंत्री बने गणेश नाईक को तवज्जो मिलने से भी वह खफा है। सोमवार को गणेश नाईक ने ठाणे में जनता दरबार लगाया। महाराष्ट्र की राजनीति पर पैनी नजर रखने वाले राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि सीएम से डीसीएम होने पर शिंदे ने खुद को कॉमन मैन से डेडिकेटेड कॉमन मैन होने की बात कही थी लेकिन अभी तक वह स्वीकार नहीं कर पाए हैं कि वह अब राज्य के मुखिया नहीं है। यही वजह है कि खुद को महायुति सरकार में असहज महसूस कर रहे हैं।

---

**न्यूज़ ब्रीफ**

### मुंबई पुलिस के सामने पहली बार पेश हुए इलाहाबादिया



**मुंबई।** यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया और आशीष चंचलानी इंडियाज गॉट लेटेंट शो को लेकर चल रहे विवाद के बीच सोमवार को महाराष्ट्र साइबर सेल के सामने पेश हुए हैं। जानकारी के मुताबिक दोनों वहां अपना बयान दर्ज करने पहुंचे थे जहां पुलिस ने उनसे 2 घंटे तक पूछताछ की।

### 8 मार्च को कांग्रेस की सद्भावना यात्रा : हर्षवर्धन सपकाल



**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड में सामाजिक सद्भाव और भाईचारा बहाल करने के लिए प्रदेश कांग्रेस ने 8 मार्च को सद्भावना पदयात्रा का आयोजन करने का फैसला किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस सद्भावना पदयात्रा की शुरुआत बीड के मस्साजोग से होगी, जिसका समापन बीड शहर में 9 मार्च को होगा। दो दिनों तक चलने वाली इस पदयात्रा में कुल 51 किलोमीटर की दूरी तय की जाएगी।

### चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हुआ पाकिस्तान

**दुबई।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल के लिए दो टीमों की सीट कंफर्म हो गई है। ग्रुप-ए का हिस्सा न्यूजीलैंड और भारत ने एकसाथ सेमीफाइनल में एंट्री मारी है। न्यूजीलैंड ने सोमवार को जैसे ही बांग्लादेश के खिलाफ पांच विकेट से जीत दर्ज की तो कीवियों के साथ-साथ भारत अगले चरण में पहुंच गया। वहीं, बांग्लादेश और मेजबान पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।

---

## 'मर्सिडीज कार के बदले मिलते थे शिवसेना में पद'

### नीलम गोर्हे ने उद्धव पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, राजनीतिक घमासान तेज



**दीपक पवार | मुंबई**

शिवसेना (शिंदे) नेता एवं महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोर्हे के ररिश्वत में मर्सिडीज' वाले बयान पर राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। गोर्हे के बयान पर उद्धव गुट आक्रामक हो गया है। उधर राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राकांपा (शरद) अध्यक्ष शरद पवार ने मराठी साहित्य सम्मेलन में गोर्हे द्वारा इस तरह का राजनीतिक बयान देने की आलोचना की है। मुख्यमत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि साहित्य सम्मेलन मे बोलने की एक सीमा होती है। वहां उन्हें इस तरह की बात करने की जरुरत नहीं थी।

### उद्धव ठाकरे बोले- ऐसे लोगों पर ध्यान नहीं देता

UBT प्रमुख उद्धव ठाकरे ने उनकी टिप्पणियों को खारिज कर दिया और सबूत मांगे। ठाकरे ने कहा, 'वह मर्सिडीज दिखाएं। वैसे भी, मैं ऐसे लोगों पर ध्यान नहीं देता, भले ही मैं एक महिला के रूप में उनका सम्मान करता हूं।'

सांसद संजय राउत ने भी इस मामले में तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'उन्हें सबूत के साथ आना चाहिए। वह चार बार MLC रही हैं, तो क्या उन्होंने 8 मर्सिडीज दीं? रसीदें लेकर आएं।' बाद में, नीलम गोरहे ने स्पष्ट किया कि उन्होंने खुद किसी को कोई पैसा नहीं दिया है।

विधायक आदित्य ठाकरे ने X पर उन लोगों के बारे में लिखा जिन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। गोरहे का नाम लिए बिना, उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद नहीं है कि वे गंदे लोग कभी हमारे प्रति आभारी होंगे। लेकिन फिर कुछ ऐसे भी हैं जो थोड़े पढ़े-लिखे और सुसंस्कृत लगते थे, लेकिन अब सबसे गंदे लगते हैं। जो झूठ वे फैलाते हैं। जो नफरत वे फैलाते हैं। भ्रष्टाचार की मानसिकता और कार्य। ऐसा लगता है कि वे हमेशा जोंक की तरह काम करते रहे हैं।'

### शरद पवार बोले, उनका बयान मूर्खतापूर्ण

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के सर्वेसर्वा शरद पवार ने नीलम गोरहे पर कठोर टिप्पणी की है। मुंबई में शरद पवार ने एक सवाल के जवाब में कहा कि उनका बयान मूर्खतापूर्ण है। अगर उन्हें ऐसा बयान देना था तो उन्हें मराठी साहित्य से जुड़े कार्यक्रम में नहीं आना चाहिए थे। नीलम गोरहे चार बार विधायक चुनी गई हैं। पूरा महाराष्ट्र जानता है कि उन्हें चारों कार्यकाल कैसे मिले? मुझे लगता है कि उन्हें किसी कार का जिक्र नहीं करना चाहिए था। नीलम गोरहे भी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में थीं। इसके बाद वह शिवसेना में रहीं और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में काम करती रहीं। इसके बाद अब वह एकनाथ शिंदे की शिवसेना में काम कर रही हैं। इस संबंध में संजय राउत का रुख सही है। सम्मेलन के आयोजकों ने भी अपनी असहमति व्यक्त की है। अब यह सब छुपाने का कोई मतलब नहीं है। पदाधिकारियों ने माफी मांग ली है, इसलिए मैं कह रहा हूं, 'पर्दा डाल दो।'

---

## कृषि मंत्री कोकाटे को थोड़ी राहत

▸▸ **जमानत मंजूर व सजा पर कोर्ट ने लगाई अस्थाई रोक**



**अमित बृज | मुंबई**

नासिक सेशन कोर्ट ने सोमवार को कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे को एक जालसाजी मामले में एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत दे दी है। साथ ही कोर्ट ने निचली कोर्ट से मिली दो साल की सजा पर भी अस्थाई रोक लगा दी है। इस मामले की सुनवाई मंगलवार को कोर्ट में होगी।

### निचली कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई थी

दरअसल, राज्य के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे को एक जालसाजी मामले में निचली कोर्ट ने दो साल की सजा सुनाई थी। मंत्री के अधिवक्ता ने इस आदेश को नासिक सेशन कोर्ट में चुनौती दी और जमानत देने के साथ ही जालसाजी मामले में सुनाई गई दो साल की सजा पर रोक लगाने की मांग की थी। इस पर सुनवाई नासिक सेशन कोर्ट के जज नितिन जीवन के समक्ष सोमवार को हुई।

### इस मामले में आज होगी अगली सुनवाई

इस सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता पूर्व मंत्री तुकाराम दिघोले के वकील ने भी अपना पक्ष रखना चाहा, लेकिन कोर्ट ने उन्हें आज अपना पक्ष रखने से मना कर दिया। इसके बाद सेशन कोर्ट ने माणिकराव कोकाटे को एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर जमानत मंजूर कर दी। इसके साथ कोर्ट ने मंत्री कोकाटे को इस मामले की सुनाई गई सजा पर भी अस्थाई रोक लगाने का आदेश दिया। इस मामले पर अब अगली सुनवाई मंगलवार को होगी।

### क्या है पूरा मामला?

उल्लेखनीय है कि माणिकराव कोकाटे पर 1995 से 1997 के बीच सरकार के 10 प्रतिशत कोटे से मकान खरीदने के लिए जालसाजी करने का आरोप लगाया गया था। इस मामले में माणिकराव कोकाटे और उसके भाई के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में तत्कालीन मंत्री तुकाराम दिघोले ने न्यायालय में याचिका दायर की थी। इस मामले में फैसला 29 साल बाद आया, जिसमें कोर्ट ने माणिकराव कोकाटे और उसके भाई को 2 साल की जेल और 50 हजार रुपये का जुर्माना की सजा सुनाई थी।

---

## सांसद देसाई को राहत, चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**मुनीब चौरसिया | मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में मुंबई दक्षिण मध्य लोकसभा सीट से शिवसेना (यूबीटी) नेता अनिल देसाई की जीत को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। देसाई ने मुंबई साउथ सेंट्रल सीट से एकनाथ शिंदे गुट के शिवसेना उम्मीदवार राहुल शेवाले को 53,384 वोटों से हराया था। वकील महेंद्र भिंगारदिवे द्वारा दायर याचिका में यह मांग की गई थी कि अनिल देसाई के साथ-साथ चुनाव लड़ने वाले अन्य उम्मीदवारों के नामांकन पत्रों को दोषपूर्ण और अपूर्ण होने के कारण अमान्य करार दिया जाए। याचिका में यह भी मांग की गई कि भिंगारदिवे को दक्षिण-मध्य मुंबई लोकसभा सीट से निर्वाचित उम्मीदवार घोषित किया जाए।

### क्यों दी गई थी अनिल देसाई के चुनाव को चुनौती?



महेंद्र भिंगारदिवे ने अपनी याचिका में कहा था कि उन्होंने अनिल देसाई के नामांकन पत्रों की जांच के दौरान आपत्ति जताई थी, क्योंकि वे कथित तौर पर अधूरे थे। मेरी आपत्तियों के बावजूद, रिटर्निंग ऑफिसर ने अधूरे नामांकन पत्रों को स्वीकार कर लिया। उन्होंने अपनी याचिका में यह भी आरोप लगाया कि अनिल देसाई ने तीन नामांकन पत्र दाखिल किए थे, जबकि आरओ द्वारा चुनाव आयोग की वेबसाइट पर केवल एक हलफनामा अपलोड किया गया था। ये आरोप 13 अन्य उम्मीदवारों पर भी लगे थे।

### जेजे मेडिकल महाविद्यालय को मिलेगा पोर्टेबल किट

**मुंबई।** सरकार ने सर जे जे चिकित्सा महाविद्यालय समेत चार सरकार मेडिकल कॉलेजों को पोर्टेबल अस्पताल किट उपलब्ध कराने का फैसला लिया है। इसके लिए सरकार ने 12 करोड़ 20 लाख रुपए मंजूर किया है। पहले चरण में पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में मुंबई के जे जे, नागपुर, नांदेड़ और कोल्हापुर मेडिकल कॉलेज को यह किट प्रदान किया जाएगा। सोमवार को राज्य के आपदा प्रबंधन, मदद व पुनर्वसन विभाग ने इस बारे में शासनादेश जारी किया है। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि पोर्टेबल अस्पताल किट में आपातकालीन मेडिकल उपकरण और दवाइयां उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे आपदा के समय इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। इस पोर्टेबल अस्पताल किट को सरकारी ई-मार्केट (जेम) पोर्टल पर खरीदा जाएगा।

---

## शरद पवार ने मुंडे पर बढ़ाया इस्तीफा का दबाव

### आत्मसम्मान वाला कोई भी होता तो पद छोड़ देताः पवार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार में मंत्री धनंजय मुंडे पर एनसीपी (एसपी) चीफ शरद पवार ने बड़ा अटैक किया है। शरद पवार ने मुंबई में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मसम्मान वाला कोई भी व्यक्ति अब तक इस्तीफा दे देता। पवार ने यह टिप्पणी तब की जब उनसे पूछा गया कि बीड के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या में मुंडे के करीबी वाल्मीकि कराड की गिरफ्तारी हुई, ऐसे में क्या धनंजय मुंडे को इस्तीफा दे देना चाहिए? पवार ने कहा कि कोई भी आत्मसम्मान वाला व्यक्ति यही करता। धनंजय मुंडे अभी अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी में हैं।

### अब क्या करेंगे अजित पवार?



शरद पवार की इस टिप्पणी से पहले महाराष्ट्र के समाजसेवी अन्ना हजारे ने मुंडे के इस्तीफे को लेकर टिप्पणी की थी। हजारे ने कहा था कि उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए क्योंकि लोग हमारा अनुसरण करते हैं। उन्होंने सरकार के मुखिया को कहा था कि ऐसे लोगों को शामिल नहीं किया जाना चाहिए। महाराष्ट्र में तीन मार्च से बजट सत्र की शुरुआत होनी है। ऐसा माना जा रहा है कि इससे पहले मुंडे अपना इस्तीफा दे सकते हैं। मुंडे अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी के कोटे से फडणवीस सरकार में मंत्री हैं। अब देखना है कि शरद पवार की टिप्पणी के बाद अजित पवार की एनसीपी का क्या रुख सामने आता है?


---

**राज्यों का दौरा** › मध्य प्रदेश में नाश्ता, बिहार में लंच और असम में डिनर

## पीएम मोदी ने एक ही दिन में किया 3 प्रदेशों का दौरा

**डीबीडी संवाददाता | नई दिल्ली**

पीएम मोदी ने एक ही दिन में 3 राज्यों का दौरा किया है। उन्होंने आज मध्य प्रदेश, बिहार और असम का दौरा किया। यानी उन्होंने मध्य प्रदेश में नाश्ता, बिहार में लंच और असम में डिनर किया। पीएम के इस दौरे के तहत मध्य प्रदेश में इन्वेस्टमेंट समिट के शुभारंभ से निवेश के नए द्वार खुलेंगे। बिहार से देशभर के अन्नदाताओं को उनके खातों में पीएम किसान के तहत सीधा लाभ मिला और असम में पीएम का भव्य स्वागत हुआ और साथ ही वह रिकॉर्ड 9000 कलाकारों द्वारा झुमोइर बिनंदिनी नृत्य प्रदर्शन के साक्षी बने।



### एमपी में पीएम मोदी

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में ग्लोबल इंवेस्टर समिट 'इंवेस्ट मध्य प्रदेश' की शुरुआत हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल में 'इंवेस्ट मध्य प्रदेश' का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने यहां मध्य प्रदेश सरकार की 18 नई नीतियों का अनावरण किया, जिसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करना है। पीएम ने कहा कि कपड़ा, पर्यटन और टेक्नोलॉजी के सेक्टर में करोड़ों नौकरियां सृजित होंगी। पीएम मोदी ने ग्लोबल समिट का उद्घाटन करने के बाद कहा, "भारत के इतिहास में ऐसा मौका पहली बार आया है जब पूरी दुनिया भारत के लिए इतनी ऑप्टिमिस्टिक है। पूरी दुनिया में, चाहें सामान्य जन हों, नीति के एक्सपर्ट् हों, विभिन्न देश हों या फिर इंस्टीट्यूशनंस हों, सभी को भारत से बहुत आशाएं हैं।'

### बिहार में पीएम मोदी

बिहार में पीएम नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी की। इसके तहत करीब 22 हजार करोड़ रुपये की राशि 9 .8 करोड़ किसानों के खाते में भेजी गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिहार की पावन धरती से पीएम-किसान की 19वीं किस्त ट्रांसफर करने के साथ विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन कर अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। पेज 8 भी देखें

### असम में पीएम मोदी

असम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, 'भाजपा सरकार असम का विकास कर रही है और यहां के चाय किसानों की सेवा भी कर रही है। बागान श्रमिकों की आय बढ़नी चाहिए। इस दिशा में असम चाय निगम के श्रमिकों के लिए बोनस की भी घोषणा की गई है। खासकर बागानों में काम करने वाली हमारी बहनों और बेटियों को गर्भावस्था के दौरान आय संकट का सामना करना पड़ता था। आज, लगभग 15 लाख ऐसी महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान 15,000 रुपये की सहायता दी जा रही है ताकि उन्हें खर्चों के बारे में चिंता न करनी पड़े।'

---

न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक

## आरबीआई ने जमाकर्ताओं को 25,000 तक निकासी की अनुमति दी

**एन. के. पुरोहित | मुंबई**

आरबीआई ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के खाताधारकों को 25,000 रुपए तक विड्रॉल की अनुमति दी,जिससे बैंक ग्रहको को बड़ी राहत मिली है। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने मुंबई स्थित न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के जमाकर्ताओं को 27 फरवरी 2025 से 25,000 रुपए प्रति खाताधारक तक की निकासी की अनुमति दे दी है। यह राहत ऐसे समय में आई है जब केंद्रीय बैंक ने लगभग दो हफ्ते पहले इस बैंक पर कड़े प्रतिबंध लगाए थे, जिसमें निकासी पर पूरी तरह रोक भी शामिल था। आरबीआई ने 13 फरवरी 2025 को बैंक की तरलता और वित्तीय स्थिरताको लेकर चिंता जताते हुए इस पर ऑल-इनक्लूसिव डायरेक्शंस लगाए थे, जिससे जमाकर्ता कोई भी धनराशि नहीं निकाल सकते थे।

### किस कस्टमर को कितनी निकासी की अनुमति

अब बैंक की नकदी स्थिति की समीक्षा के बाद आरबीआई ने कहा कि 50% से अधिक खाताधारक अपनी पूरी जमा राशि निकाल सकेंगे। जिन खाताधारकों की जमा राशि 25,000 रुपए या इससे कम है, वे पूरी राशि निकाल सकेंगे। जिनका बैलेंस 25,000 रुपए से अधिक है, वे अधिकतम 25,000 रुपए निकाल सकते हैं।

# शिंदे के गढ़ में बीजेपी ने लगाया जनता दरबार

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में जो कि एकनाथ शिंदे का गढ़ है, वहां अब भाजपा उन्हें चुनौती देने की कोशिश कर रही है। इसकी शुरुआत भाजपा ने जनता दरबार से कर दी है। भाजपा नेता एवं वन मंत्री गणेश नाईक ने सोमवार को उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गृह क्षेत्र ठाणे में जनता दरबार लगाया। उन्होंने कहा कि राजनीति में किसी का भी स्थायी प्रभुत्व नहीं होता और नेतृत्व समय के साथ जनता की स्वीकृति के आधार पर बदलता रहता है। नाईक ने कहा कि ठाणे में अगला जनता दरबार मार्च में लगाया जाएगा। पिछले कुछ हफ्तों से भाजपा और शिवसेना के बीच संबंधों में असहजता की अटकलें हैं।



## 400 से अधिक टोकन बांटे

इन अटकलों को शुक्रवार को ''मुझे हल्के में न लें'' वाली एकनाथ शिंदे की टिप्पणी से और बल मिला। ठाणे के भाजपा नेता संजय वाघुले ने संवाददाताओं को बताया कि सुबह आठ बजे जनता दरबार स्थल पर लोगों को 400 से अधिक टोकन वितरित किए गए। पास के नवी मुंबई से विधायक नाईक ने संवाददाताओं से बातचीत में राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की अटकलों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि जनता दरबार आयोजित करने का उद्देश्य लोगों को लंबी दूरी तय किए बिना उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना है।

## भाजपा को ठाणे में मतदाताओं का समर्थन

उन्होंने कहा कि सहयोगियों के बीच कोई प्रतिस्पर्धा या किसी एक व्यक्ति का दबदबा होने जैसी कोई राजनीति नहीं है। नाईक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को ठाणे में भी मतदाताओं का समर्थन प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा, ''राजनीति में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं और जो मायने रखता है, वह व्यक्ति की सार्वजनिक छवि एवं लोगों में उसकी स्वीकार्यता है।''

## पालघर में जनता दरबार

इस कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विधायक संजय केलकर और विधान परिषद सदस्य निरंजन डावखरे भी शामिल हुए। पालघर जिले के संरक्षक मंत्री नाईक ने अपने मंत्रिपरिषद सहयोगी और शिवसेना नेता प्रताप सरनाईक की पालघर में जनता दरबार आयोजित करने की घोषणा का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वह लोगों की चिंताओं को दूर करने के लिए दोनों जिलों में प्रत्येक तालुका का दौरा करेंगे।

# 65 अवैध इमारतों के मुद्दे पर गरमाई राजनीति

## मनसे नेता राजू पाटिल ने शिंदे पर साधा निशाना

**डीबीडी संवाददाता । कल्याण-डोंबिवली**

बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा कल्याण-डोंबिवली मनपा (KDMC) क्षेत्र की 65 अवैध इमारतों पर कार्रवाई के आदेश के बाद शहर की राजनीति गरमा गई है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता और पूर्व विधायक राजू पाटिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस मुद्दे पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके सांसद पुत्र डॉ. श्रीकांत शिंदे की कड़ी आलोचना की। राजू पाटिल ने आरोप लगाया कि ठाणे में अवैध निर्माण माफिया, दस्तावेज़ जालसाज़ और जनता को धोखा देने वालों को संरक्षण मिला हुआ है। उन्होंने कहा, सेलिब्रिटी के घर जाने का समय है, लेकिन 65 इमारतों के बेघर निवासियों से मिलने का समय नहीं? गंगा में डुबकी लगाने से ज्यादा पुण्य यहां आकर लोगों से मिलने में मिलेगा।



## भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप

पाटिल ने यह भी दावा किया कि विधानसभा चुनाव के दौरान बिल्डरों पर दबाव बनाकर काम कराया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि दिवा क्षेत्र में अवैध निर्माण के लिए प्रति स्लैब तीन लाख रुपये की वसूली होती है।

## निवासियों को कानूनी और वित्तीय सहायता का आश्वासन

मनसे नेता ने कहा कि वह 65 इमारतों के निवासियों के समर्थन में खड़े हैं और उन्हें कानूनी व वित्तीय मदद देने के लिए तैयार हैं। उन्होंने प्रशासन और शिंदे परिवार पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि जब तक यह सिलसिला जारी रहेगा, डोंबिवली के लोगों को राहत नहीं मिलेगी।

# मुंब्रा-भिवंडी और ठाणे में बढ़ता नशे का कारोबार




**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

मुंब्रा, भिवंडी और ठाणे में ड्रग्स के बढ़ते कारोबार को लेकर धर्मगुरु मौलाना सैयद मोइनुद्दीन अशरफ की अध्यक्षता में उलेमा और बुद्धिजीवियों के एक शिष्टमंडल ने ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डोंबरे से मुलाकात की। उन्होंने इन इलाकों में नशे के बढ़ते प्रचलन पर चिंता जताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

**मौलानाओं ने पुलिस आयुक्त से की सख्त कार्रवाई की मांग**

## ड्रग्स की बढ़ती उपलब्धता पर चिंता

मौलाना सैयद मोइन मियां, अध्यक्ष - आल इंडिया सुन्नी जमीयतुल उलेमा ने कहा कि ड्रग्स की बिक्री इतनी आम हो गई है कि इसे खरीदना बेहद आसान हो गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने कुछ सख्ती जरूर दिखाई है, लेकिन इसे और प्रभावी करने की जरूरत है।

## सामाजिक जिम्मेदारी पर जोर

मौलाना ने मस्जिदों के उलेमा और इमामों से अपील की कि वे नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाएं और समाज को इस बुराई से बचाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सिर्फ पुलिस पर निर्भर रहना काफी नहीं है, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी बनती है कि वह इस समस्या के खिलाफ आवाज उठाए।

## पुलिस आयुक्त ने दिया हेल्पलाइन नंबर

पुलिस आयुक्त आशुतोष डोंबरे ने नशे के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया और जनता से अपील की कि जहां भी ड्रग्स की बिक्री हो, तुरंत सूचना दें। उन्होंने मीडिया के माध्यम से अपना मोबाइल नंबर जारी किया, जिससे लोग सीधे उन्हें कॉल, मैसेज या फोटो भेजकर जानकारी दे सकते हैं। इस पहल से उम्मीद की जा रही है कि मुंब्रा, भिवंडी और ठाणे में नशे के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे और समाज को इस बुरी लत से बचाने में मदद मिलेगी।

# डंपिंग ग्राउंड के अनाधिकृत निर्माण ध्वस्त

## विरोध : महिला ने आत्महत्या का प्रयास

**डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर**

उल्हासनगर महानगरपालिका ने सरकारी भूखंडों पर किए गए अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए हनुमाननगर, दुर्गानगर और डंपिंग ग्राउंड क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाया। मनपा आयुक्त मनीषा अव्हाले के आदेश पर 24 फरवरी, 2025 को पुलिस सुरक्षा में यह अभियान चलाया गया।

## कड़ी कार्रवाई के दौरान तनाव



मनपा की कार्रवाई के दौरान स्थानीय निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी से क्षेत्र में तनाव बढ़ गया। इस दौरान 10 झोंपड़ियों, 5 पक्के कमरों और 2 अस्थायी निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया। अभियान के दौरान एक महिला ने विरोधस्वरूप खुद पर केरोसिन डालकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, लेकिन समय रहते उसे बचा लिया गया।

## अभियान का नेतृत्व प्रशासन ने संभाला



अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस के निर्देश पर सहायक आयुक्त और नोडल अधिकारी गणेश शिम्पी के मार्गदर्शन में मनपा टीम ने यह कार्रवाई सफलतापूर्वक पूरी की। प्रशासन ने साफ किया कि शहर में अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाते रहेंगे।

नालासोपारा में ऑनर किलिंग

# कुंवारी बेटी के गर्भवती होने पर मां ने दबाया लड़की का गला, छोटी बहन ने पकड़े थे पैर

**डीबीडी संवाददाता । नालासोपारा**

नालासोपारा में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। यहां एक कुंवारी बेटी के गर्भवती होने पर मां ने उसकी हत्या कर दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने की जांच में सामने आया है कि इस हत्या की घटना को अंजाम के लिए छोटी बहन ने मदद की थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। जिससे इस पूरे मामले को खुलासा हो पाया। लड़की गर्भवती है। ये पता चलते ही मां ने गुस्से में आकर अपनी बड़ी बेटी अस्मिता दुबे (20) की गाला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस को लड़की की मां ने फोन करके बताया कि उनकी बेटी ने खुदखुशी कर ली है। मामले की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और उन्होंने तुरंत शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने जे जे हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके बाद पुलिस ने मामले में एक्सीडेंटल डेथ का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ हत्या का खुलासा



पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि मृतक की मां के हाथ सूजे हुए थे। साथ ही हाथ पर काटने के निशान भी थे थे। पुलिस को युवती की हत्या का संदेह हुआ। पुलिस मामले में जांच कर ही रही थी कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई। रिपोर्ट में पता चला कि यह आत्महत्या नहीं हत्या है। हत्यारोपी ममता दुबे (43) अपनी 2 बेटी और पति के साथ नालासोपारा के पश्चिम यशवंत गौरव फेज की विजय नगर में रहती थी।

## लड़की को बालसुधार घर भेज दिया है

पति गांव गए हुए थे। इसी बीच मां को जैसे ही पता चला की बड़ी बेटी गर्भवती है उसने गुस्से में आकर अपनी बेटी का गाला दबा कर हत्या कर डाली। पुलिस ने की जांच में सामने आया है कि इस हत्या को अंजाम देने के लिए छोटी बेटे ने उसका साथ दिया था। मां जब गला दबा रहीथी। इस दौरान छोटी बेटी ने पैर पकड़े हुए थे। हत्या का खुलासा होते ही पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही छोटी लड़की को बालसुधार घर भेज दिया है।

# हाईकोर्ट के आदेश के बाद प्लास्टर मूर्तियों की बिक्री पर सख्ती

## भिवंडी मनपा का कड़ा रुख, मूर्ति विक्रेताओं पर संकट

**शरीफ अंसारी । भिवंडी**

भिवंडी शहर और आसपास के इलाकों में गणेशोत्सव के दौरान 25,000 से अधिक प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) से बनी मूर्तियां बेची जाती हैं, लेकिन हाईकोर्ट द्वारा इस पर लगाए गए प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के कारण भिवंडी महानगरपालिका (मनपा) ने इस साल पीओपी मूर्तियों की बिक्री रोकने का निर्णय लिया है। इससे मूर्ति विक्रेताओं पर संकट गहरा गया है।

## मूर्तिकारों की मांग

मशहूर मूर्तिकार दिलीप चौघुले के अनुसार, यदि प्रशासन मिट्टी की मूर्तियों को बढ़ावा देता है, तो इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। हालांकि, इसके लिए सरकार और स्थानीय प्रशासन को मूर्तिकारों को आवश्यक समर्थन और संसाधन प्रदान करने होंगे। अन्यथा, लागत बढ़ने की स्थिति में मूर्तिकार फिर से प्लास्टर की मूर्तियां बनाने की ओर रुख कर सकते हैं।



## मूर्तिकारों पर प्रभाव

भिवंडी में गणेशोत्सव के दौरान लगभग 40,000 मूर्तियां बेची जाती हैं, जिनमें से 15,000 मिट्टी से बनी होती हैं और शेष 25,000 प्लास्टर की मूर्तियां होती हैं। मजदूर वर्ग के लोग कम कीमत और हल्के वजन के कारण पीओपी मूर्तियों को प्राथमिकता देते हैं। हालांकि, हाईकोर्ट के आदेश को लागू करने के लिए प्रशासन को न केवल पीओपी मूर्तियों पर सख्ती करनी होगी, बल्कि मिट्टी की मूर्तियां बनाने वाले कारीगरों को भी समर्थन देना होगा।

## मनपा की बैठक और प्रशासन का आश्वासन

मनपा के प्रदूषण विभाग के नियंत्रण अधिकारी सुदाम जाधव ने बताया कि अतिरिक्त आयुक्त विट्ठल ढाके की अध्यक्षता में मूर्तिकारों के साथ एक बैठक हुई, जिसमें पीओपी मूर्तियों पर प्रतिबंध के संबंध में चर्चा हुई। प्रशासन ने मूर्तिकारों को हाईकोर्ट के आदेश के पालन की जानकारी दी और उनकी कठिनाइयों को समझते हुए आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया।

# सरकारी प्रतिष्ठानों के खिलाफ आगे आए ठाणेकर

## जनता दरबार में 700 से अधिक शिकायतें दर्ज

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

सरकार आम जनता को खुश करने के लिए कई योजनाएं लागू कर रही है, लेकिन वन मंत्री और ठाणे जिले के संपर्क मंत्री गणेश नाईक के जनता दरबार में खुलासा हुआ कि सरकारी अधिकारियों की कार्यप्रणाली से ठाणेकर बेहद परेशान हैं। इस दौरान नागरिकों ने प्रशासन के खिलाफ 700 से अधिक शिकायतें दर्ज कर न्याय की मांग की।

## जनता दरबार में उमड़ी शिकायतों की भीड़




जनता की समस्याओं को समझने और उनसे सीधे संवाद करने के उद्देश्य से ठाणे के खारकर अली रघुवंशी हॉल में ₹जनता दरबार₹ का आयोजन किया गया। आयोजन से पहले ही प्रशासन के खिलाफ 150 शिकायतें दर्ज हो चुकी थीं, लेकिन दरबार के दिन यह संख्या 700 से अधिक पहुंच गई। फरियादियों को शिकायत दर्ज कराने के लिए कूपन दिए गए, जिससे वे अपनी समस्याएं मंत्री गणेश नाईक के सामने रख सके।

## विभिन्न विभागों के खिलाफ शिकायतें

इस अवसर पर ठाणे मनपा, जिलाधिकारी कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग, जिला परिषद, लोक निर्माण, वन, पुलिस सहित विभिन्न सरकारी विभागों से जुड़ी शिकायतों को सुना गया।

## अधिकारियों की मौजूदगी

जनता दरबार में विधायक संजय केलकर, निरंजन डावखरे, पूर्व सांसद संजीव नाईक सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें अतिरिक्त जिलाधिकारी मनीषा जायभाये-धुले, प्रांतीय अधिकारी उर्मीला पाटिल, जिला परिषद परियोजना निदेशक छायादेवी शिसोदे, जिला योजना अधिकारी वैभव कुलकर्णी, सिविल सर्जन डॉ। कैलास पवार, ठाणे मनपा उपायुक्त उमेश बिरारी और अन्य सरकारी विभागों के अधिकारी शामिल थे।

# वाडा पुलिस ने नकली नोटों के साथ तीन को पकड़ा

## गुप्त सूचना पर पुलिस की कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता । पालघर**

पालघर जिले की वाडा पुलिस ने नकली नोटों के आदान-प्रदान में लिप्त एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कमिश्नर बालासाहेब पाटील के मार्गदर्शन में वाडा पुलिस स्टेशन के निरीक्षक दत्तात्रय किंद्रे, पीएसआई सागर मालकर, पीएसआई मयुरेश अंबाजी और पीएसआई मयुर शेवाले की टीम ने यह कार्रवाई की।



## पाली गांव में जाल बिछाकर पकड़ा गया गिरोह

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि कुछ लोग असली और नकली नोटों की अदला-बदली करने के लिए पाली गांव में इकट्ठा हो रहे हैं। इस पर पुलिस ने पाली नाका पर जाल बिछाया। पुलिस टीम ने लाल टी-शर्ट और चॉकलेटी जींस पहने एक व्यक्ति को संदिग्ध रूप से घूमते देखा। इसी दौरान एक सिल्वर रंग की अर्टिगा कार (MH I04 JM I3135) वहां रुकी, जिसमें से दो व्यक्ति उतरे और काले रंग का बैग लेकर उस व्यक्ति की ओर बढ़े। तीनों व्यक्तियों के बीच लेन-देन होते ही पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 100 और 500 रुपये के नोटों के बंडल बरामद हुए, जिनमें असली और नकली नोट शामिल थे। जब्त किए गए सामान में 14 लाख रुपये मूल्य के नकली नोट, जिन पर ₹भारतीय बच्चों का बैंकर₹ लिखा था। असली 500 रुपये के नोटों के दो बंडल (कुल 1 लाख रुपये) और बैंक नोटों के आकार के काले पेपर क्लिप, प्लास्टिक बैग और चिपकाने वाला टेप भी मिला।

# कांग्रेस विधायक को लेकर शिंदे-पवार में खींचतान

## एनसीपी (अजित) ने दिया धंगेकर को खास ऑफर

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई/पुणे**

कसबा पेठ विधानसभा क्षेत्र से पूर्व कांग्रेस विधायक रवींद्र धंगेकर को लेकर महाराष्ट्र की राजनीति गरमा गई है। कुछ दिनों से उनके उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने की अटकलें तेज थीं, लेकिन अब अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी - अजित गुट) ने भी उन्हें अपनी पार्टी में शामिल होने का प्रस्ताव दिया है।

## एनसीपी की खुली पेशकश



एनसीपी (अजित) की प्रवक्ता रूपाली पाटील ठोंबरे ने सोशल मीडिया पर धंगेकर को पार्टी में शामिल होने का न्योता दिया। उन्होंने लिखा, 'रवि भाऊ, आप एक मेहनती कार्यकर्ता और योग्य जनप्रतिनिधि हैं। कुछ दिनों से चर्चा है कि आप किसी अन्य दल में शामिल हो सकते हैं। आपके अजित पवार जी से अच्छे संबंध रहे हैं, इसलिए आपको राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी पर भी विचार करना चाहिए।'

## राजनीतिक खींचतान तेज

हाल ही में धंगेकर की एकनाथ शिंदे और मंत्री उदय सामंत से मुलाकात के बाद उनके शिवसेना में जाने की चर्चाएं जोरों पर थीं। अब एनसीपी (अजित) के प्रस्ताव के बाद राजनीतिक समीकरण बदल सकते हैं। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि धंगेकर किस पार्टी का दामन थामते हैं।

# वसई के पोमन में प्लाईवुड फैक्ट्री में भीषण आग

**दमकल विभाग ने घंटों की मशक्कत के बाद पाया काबू**

**डीबीडी संवाददाता । विरार**

वसई-पूर्व के पोमन इलाके में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे एक प्लाईवुड फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग लगते ही इलाके में हड़कंप मच गया। फैक्ट्री में लकड़ी के दरवाजे और अन्य लकड़ी के सामान बनाए जाते थे, जिसके चलते आग तेजी से फैल गई। स्थानीय नागरिकों ने तुरंत वसई-विरार महानगरपालिका दमकल विभाग को सूचना दी। दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और कई घंटों की



मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लकड़ी के सामान की अधिकता के कारण आग बुझाने में कठिनाई आई। अब तक आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इससे पहले भी 20 दिसंबर 2024 को वसई के बापने में एक लकड़ी फैक्ट्री में आग लगी थी। प्रशासन घटना की जांच कर रहा है।

मार्च के पहले सप्ताह से सिमट जाएगी नागपुर की दूरी

# समृद्धि महामार्ग काम लगभग पूरा

- हरी झंडी शीघ्र, अधिसूचना कभी भी
- अब तक पूरे हुए तीन चरणों पर एक नजर

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



मुंबई से नागपुर समृद्धि महामार्ग का काम लगभग पूरा होने का दावा एमएसआरडीसी की तरफ से किया गया है। कुल 701 किमी में से 625 किमी का काम पहले ही पूरा हो चुका है। नागपुर से भरवीर तक वाहन दौड़ रहे हैं। शेष 76 किमी सड़क पर मार्च के पहले सप्ताह से वाहनों का दौड़ना शुरू हो सकता है। इससे नागपुर से मुंबई की दूरी कम हो जाएगी। इस संबंध में शीघ्र ही अधिसूचना जारी हो सकती है। एक्सप्रेस-वे पर जानवरों को रोड क्रॉस करने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है।

### फलक लगाने का काम जारी

हिंदू हृदय सम्राट स्व. बालासाहब ठाकरे समृद्धि महामार्ग को देश के सबसे हाई-टेक-एक्सप्रेस-वे के रूप में जाना जाता है। इस महामार्ग पर अब तक तीन चरणों का काम पूरा हो चुका है। अंतिम चरण में इगतपुरी से भिवंडी (ठाणे) तक का काम लगभग पूरा हो चुका है। समृद्धि महामार्ग को जोड़ने वाले मुंबई-बडोदरा राष्ट्रीय महामार्ग के 4.8 किमी का काम भी लगभग पूरा करने का दावा एमएसआरडीसी की तरफ से किया गया है। दिशा दर्शक व यातायात नियमों संबंधी फलक लगाने का काम चल रहा है।

### अब तक पूरे हुए तीन चरणों पर एक नजर

- समृद्धि महामार्ग के पहले चरण में 520 किमी क्षेत्र (नागपुर से शिर्डी) तक 11 दिसंबर 2022 को आरंभ किया गया। दूसरे चरण में 80 किमी क्षेत्र (शिर्डी से भरवीर फाटा) तक 26 मई 2023 और तीसरे चरण में 25 किमी (भरवीर से इगतपूरी) को आरंभ किया गया है।
- 701 किमी की लंबाई में से 625 किमी तक वाहन दौड़ रहे हैं। समृद्धि महामार्ग बनाने के लिए 55,392 करोड़ का बजट था। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत बढ़कर 65 हजार करोड़ हो गई है।
- सड़क सुरक्षा के लिहाज से एक्सप्रेस वे पर इंट्रीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) लगाया गया है, ताकि वाहनों की स्पीड, लेन और यातायात नियमों की निगरानी रखी जा सके।

# महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पहुंचे प्रयागराज

- संगम में मंत्रियों के साथ में लगाई महाकुंभ में डुबकी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई/प्रयागराज



महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज पहुंचकर महाकुंभ में डुबकी लगाई। शिंदे ने इस मौके पर कहा कि प्रयागराज एक पवित्र भूमि है। उन्होंने कहा कि यहां सब लोग एक समान है न कोई बड़ा न छोटा। शिंदे ने कहा कि यहां किसी श्रद्धालु को किसी किस्म की तकलीफ नहीं है। मुख्यमंत्री योगी स्वयं इस नियोजन में जुटे हुए हैं। यह विश्व का सबसे बड़ा महाकुंभ है। यहां आने वाला जरूर कुछ न कुछ लेकर जाएगा। शिंदे ने कहा कि यह अवसर 144 साल बाद आया है। शिंदे ऐसे वक्त पर महाकुंभ पहुंचे हैं जब फडणवीस के साथ उनका कोल्ड वॉर चलने की चर्चा गरमाई हुई है। शिंदे के साथ उनकी पार्टी के मंत्री भी मौजूद रहे।

### मंत्रियों के साथ किया स्नान

एकनाथ शिंदे हेलीकॉप्टर से प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने मंत्रियों और शिवसेना के पदाधिकारियों के साथ संगम में स्नान किया। इस मौके पर यूपी के मंत्री नंदगोपाल नंदी मौजूद रहे। उन्होंने शिंदे का स्वागत किया। शिंदे ने स्नान के बाद कहा कि देश की आधी आबादी महाकुंभ का स्नान कर चुकी है। यहां आने वाले लोग गंगा मैया का पानी लेकर भी जा रहे हैं। वे बाकी लोगों को देंगे। ऐसे में इस महाकुंभ की ऊर्जा पूरे देश में पहुंच जाएगी। शिंदे से पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने परिवार के साथ संगम में स्नान किया था। महाकुंभ का समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर शाही स्नान के साथ होगा। अगला कुंभ अब महाराष्ट्र में लगेगा। नासिक में 2027 के महाकुंभ के लिए महाराष्ट्र सरकार ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# पुलिसकर्मियों पर हमला, तीन गिरफ्तार

- दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस पर हमले के आरोप में कार्रवाई

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



बांद्रा और गोरेगांव में हुई दो अलग-अलग घटनाओं में ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज और मारपीट करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दिंडोशी और बांद्रा पुलिस ने इन मामलों में अरबाज जिमल खान, अभिषेक दिलीप सिंह और प्रदीप मोहन कांबले को गिरफ्तार किया है।

### पहली घटना : बांद्रा में देर रात पुलिस पर हमला

पहली घटना बांद्रा पश्चिम के चिंबई रोड पर देर रात करीब 2 बजे हुई। पुलिस नियंत्रण कक्ष को हमले की सूचना मिलने पर कांस्टेबल देवेंद्र बबन कांबले, सहायक फौजदार गायकवाड़ और सहायक फौजदार तांबे मौके पर पहुंचे। वहां नशे में धुत दो युवक कई लोगों पर हमला कर रहे थे। जब पुलिस ने हस्तक्षेप किया, तो आरोपियों ने पुलिसकर्मियों पर ही हमला करने की कोशिश की। बाद में अतिरिक्त पुलिस बल के आने पर हमलावर अभिषेक सिंह और प्रदीप कांबले को गिरफ्तार किया गया। दोनों रायगढ़ के रहने वाले हैं और नशे की हालत में थे।

### दूसरी घटना : गोरेगांव में कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

दूसरी घटना गोरेगांव पूर्व के संतोषनगर, बीएमसी कॉलोनी में हुई। यहां 24 वर्षीय अरबाज जिमल खान को डिंडोशी पुलिस ने गिरफ्तार किया। अरबाज एक कुख्यात अपराधी है, जिसके खिलाफ पहले से ही 19 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में ले लिया है।

# हिट एंड रन के मामलों में होती हैं सड़क दुर्घटनाओं में 38% मौतें

- ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी एक रिपोर्ट से खुलासा

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में 2023 में हुए कुल सड़क हादसों में से 38 प्रतिशत मामले हिट एंड रन (टक्कर मारकर भागने) के थे। शहर की ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, इन हादसों में मरने वालों में से 54 प्रतिशत पैदल चलने वाले लोग थे। एक अधिकारी ने आंकड़ों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।



### सड़क हादसों के मुख्य शिकार

2023 में मुंबई में सड़क हादसों में जान गंवाने वालों में ज्यादातर दोपहिया और तिपहिया वाहन चालक और पैदल यात्री थे। शहर में 2023 में 351 सड़क हादसों में 374 लोगों की मौत हुई, जो 2015 की तुलना में 39 प्रतिशत की कमी को दर्शाता है। इन मौतों में से 48 प्रतिशत दोपहिया और तिपहिया वाहन सवार थे, जबकि 40 प्रतिशत पैदल यात्री थे। यह रिपोर्ट मुंबई ट्रैफिक पुलिस और ब्लूमबर्ग फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से जारी की गई है।

### सबसे ज्यादा मौतें युवाओं की

रिपोर्ट के अनुसार, सड़क हादसों में मारे गए पुरुषों की संख्या 82 प्रतिशत रही, जिसमें 20-39 साल की उम्र के लोगों का प्रतिशत सबसे अधिक (47 प्रतिशत) था। मोटरसाइकिल चालकों में सबसे ज्यादा मौतें 20-29 साल के युवाओं की हुई।

### मुंबई में सबसे खतरनाक सड़कें

सभी घातक दुर्घटनाओं में से 38 प्रतिशत दुर्घटनाएं हिट-एंड-रन घटनाओं के कारण हुईं, और इनमें से 70 प्रतिशत पीड़ित, 54 प्रतिशत, पैदल यात्री थे। शहर में कई जगहों पर हिट एंड रन के मामलों में अधिक मौतें हुईं, जिनमें सायन-पनवेल हाईवे, घाटकोपर-मानखुर्द लिंक रोड और वर्ली सीफेस जंक्शन प्रमुख हैं। इसके अलावा, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे (WEH), सायन-बांद्रा लिंक रोड और बैगनवाड़ी सिग्नल जंक्शन पर भी सबसे ज्यादा मौतें और चोटें दर्ज की गईं। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मार्ग और घाटकोपर-मानखुर्द लिंक रोड पर प्रति किलोमीटर सबसे ज्यादा मौतें हुईं। 2023 में इन सड़कों पर हर किलोमीटर पर 10 लोगों की जान गई।

# मैं फिक्सरों को अनुमति नहीं दूंगा : फडणवीस



**मुंबई।** महाराष्ट्र की सियासत में इस समय दो नामों को लेकर हलचल मची हुई है— धनंजय मुंडे और माणिकराव कोकाटे। दोनों ही राज्य सरकार में मंत्री हैं, और विपक्ष लगातार उनके इस्तीफे की मांग कर रहा है। खासकर कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे को लेकर विरोध तेज हो गया है।

विपक्ष की मांग पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा, "मंत्रियों के पीएस (निजी सचिव) और ओएसडी (विशेष कर्तव्य अधिकारी) की नियुक्ति का अधिकार मुख्यमंत्री के पास होता है। मंत्री सिर्फ प्रस्ताव भेजते हैं, अंतिम फैसला सीएम का होता है। यह कोई नई बात नहीं है।" फडणवीस ने स्पष्ट किया कि वह केवल उन्हीं नामों को मंजूरी देंगे जिनकी छवि साफ-सुथरी है। उन्होंने कहा, "अब तक मुझे 125 नाम मिले हैं, जिनमें से 109 को मंजूरी दी गई है। लेकिन कुछ नामों पर आरोप हैं, जिन्हें मंजूरी नहीं दी जाएगी, भले ही कोई नाराज हो। मैं फिक्सरों को अनुमति नहीं दूंगा।"

# बाबा सफीदों गिरोह का सदस्य भोला शंकर गिरफ्तार

- दुबई भागने की फिराक में था, पुलिस ने मुंबई से दबोचा

**मुंबई/नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कुख्यात बाबा सफीदों गिरोह के सदस्य और मुख्य हथियार आपूर्तिकर्ता भोला शंकर (26) को मुंबई से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। एक अधिकारी के अनुसार, भोला शंकर दुबई भागने की योजना बना रहा था, लेकिन अंधेरी-पूर्व इलाके में छापेमारी कर उसे पकड़ लिया गया। उसे दिल्ली लाकर आगे की जांच की जा रही है।



### दिल्ली-हरियाणा में थे आपराधिक मामले

पुलिस के मुताबिक, भोला शंकर हरियाणा के जींद का रहने वाला है और उसके खिलाफ दिल्ली व हरियाणा में पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह 14 फरवरी को वसंत कुंज स्थित एक विनिमय कार्यालय से साढ़े सात लाख रुपये की विदेशी मुद्रा लूटने में शामिल था। उसके दो साथी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके थे, लेकिन शंकर फरार हो गया था। पुलिस ने बताया कि शंकर इससे पहले भी अवैध हथियारों के साथ पकड़ा जा चुका था, लेकिन फरार हो गया था। इसके बाद अदालत ने उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।


**पश्चिम रेलवे**

**पीने योग्य पेयजल की आपूर्ति**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए),पश्चिमी रेलवे, 6वीं मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग,मुंबई सेंट्रल, मुंबई 400008, **ई-टेंडर नोटिस संख्याः बीसीटी/24-25/291, दिनांक 21.02.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थानः** मुंबई सेंट्रल बीसीटी(मुख्य),जगजीवनराम अस्पताल और क्वार्टर अग्रीपाड़ा कॉलोनी, 14 ऑफिसर्स फ्लैट और गगनचुंबी इमारत, बॉम्बर्सी आदि के लिए पीने योग्य पेयजल की आपूर्ति, एसएसई (डब्ल्यू-1) बीसीटी के अधिकार क्षेत्र में 24 महीने के लिए। **कार्य की अनुमानित लागतः** 1,38,60,000/-**ईएमडीः** 2,19,300/- . **जमा करने की तिथि और समयः** 18.03.2025, 15:00 बजे तक. **खुलने की तिथि और समयः** 18.03.2025 को 15:30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ. मैन्युअल ऑफ़र पर विचार नहीं किया जाएगा.

1108

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly


# म्हाडा समिति ने ट्रांजिट टेनमेंट के लंबित मामलों पर सुनवाई का किया फैसला

- 11 आवेदकों को पात्रता साबित करने का मौका मिलेगा

**मुंबई।** महाराष्ट्र गृहनिर्माण व क्षेत्र विकास प्राधिकरण (म्हाडा) के उपाध्यक्ष व मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जायसवाल के नेतृत्व में गठित समिति ने ट्रांजिट टेनमेंट आवंटन से जुड़े 11 आवेदकों को उनकी पात्रता साबित करने का अवसर देने का निर्णय लिया है। म्हाडा की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सुनवाई 27 फरवरी 2025 को होगी।




### 20 साल पुराने मामले की होगी समीक्षा

यह मामला उन 11 आवेदकों से जुड़ा है, जो पिछले 20 वर्षों से अपने अस्थायी आवासों में नहीं रह रहे हैं। ये आवास मूल रूप से अनधिकृत कब्जाधारियों के विरुद्ध निष्कासन अभियान के दौरान खाली कराए गए थे, इसलिए आवंटन से पहले पात्रता की गहन समीक्षा आवश्यक थी।

### विरोध प्रदर्शन पर म्हाडा की प्रतिक्रिया

प्रेस विज्ञप्ति में म्हाडा ने कहा कि इस मामले में एक असंबद्ध प्रदर्शनकारी द्वारा प्रशासन पर दबाव बनाने की कोशिश की गई। विरोध का नेतृत्व करने वाली महिला इस मुद्दे से सीधे तौर पर प्रभावित नहीं है, और 11 आवेदकों को अपने मामलों पर स्वयं कार्रवाई करनी चाहिए थी। साथ ही, एमबीआरआरबी के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ से एकतरफा निर्णय लेने की मांग को अनुचित बताया गया।

### तीन सदस्यीय समिति करेगी समीक्षा

म्हाडा ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एमबीआरआरबी के उप मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की है।

# ब्लैकमेलिंग और दुष्कर्म के आरोप में युवक गिरफ्तार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



अंधेरी की एमआईडीसी पुलिस ने एक 28 वर्षीय युवक को ब्लैकमेल और जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी युवती को अश्लील फोटो से धमकाकर 70 हजार रुपये मांग रहा था। पीड़ित युवती चार साल पहले लोअर परेल में काम करती थी, जहां आरोपी सुपरवाइजर था। दोनों के बीच दोस्ती हुई और 2022 में आरोपी ने उसे मरोल के एक होटल में जन्मदिन पर बुलाया, जहां उसने दुष्कर्म किया और अश्लील तस्वीरें खींच लीं। इसके बाद आरोपी लगातार ब्लैकमेल करने लगा। 13 फरवरी 2025 को जब युवती ने 70 हजार रुपये देने से मना किया, तो आरोपी ने उसकी बहन के मोबाइल पर उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें भेज दीं। बहन से जानकारी मिलने पर पीड़िता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने युवती का बयान दर्ज कर आरोपी के खिलाफ बलात्कार और जबरन वसूली की धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले की विस्तृत जांच जारी है।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**के.ई.एम. अस्पताल, परेल**

के.ई.एम.एच./5652/ए.ई.एम.ई./दिनांकः24.02.2005

**ई-निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| विभाग | :- | विभाग के.ई.एम. अस्पताल |
| बोली आमंत्रण नंबर | :- | बोली संख्या 2025_एमसीजीएम_1153827 |
| विषय | :- | के.ई.एम. अस्पताल के रेडियोलॉजी विभाग में डी.एस.ए. लैब के लिए उपभोग्य सामग्रियों/सहायक उपकरणों की आपूर्ति |
| बोली की बिक्री | :- | दिनांक 25-02-225 को 16.00 बजे से<br>दिनांक 04.03.2025 को 16.00 बजे तक |
| वेबसाइट | :- | http.//portal.mcgm.gov.in |
| A ) संपर्क अधिकारी | :- | सहायक अभियंता (एम एंड ई) केईएम |
| B ) नाम | :- | श्रीमती मनीषा जाधव / श्री केतन गावडे |
| C ) टेलीफोन | :- | 02224107768/7457 |
| D ) ईमेल आईडी | :- | ae02me.kem@mcgm.gov.in |

पीआरओ/2623/विज्ञा./2024-25

हस्ता./-
डीन (केईएमएच)

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## संपादकीय

# अमेरिकी अपमान पर प्रधानमंत्री की चुप्पी ठीक नहीं

जो भारतीय जनता पार्टी यूएसऐड से मिले 21 मिलियन डॉलर की मदद के नाम पर कांग्रेस को फंसाने का जाल बुन रही थी, अंततः उसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी फंस गये हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यह बयान देकर मोदी को गम्भीर संकट में डाल दिया है कि 'यह राशि उनके मित्र मोदी और भारत को मिली है।' इसे लेकर जहां भाजपा के प्रवक्ताओं, उसके आईटी सेल और ट्रोल आर्मी को सांप सूंघ गया है, वहीं कांग्रेस अब हमलावर है। अब तक ट्रम्प के बयान की न तो भाजपा या केन्द्र सरकार ने पुष्टि की है और न ही खंडन, परन्तु अब गेंद सीधे मोदी के पाले में है। केवल उन्हीं की ओर से इस बाबत कोई बयान आने का महत्व होगा। ट्रम्प का यह बयान मोदी को केवल राशि मिलने तक सीमित न होकर अनेक अर्थ खोलता है। यह मामला कहां तक जायेगा, यह तो आने वाला समय ही बतायेगा, लेकिन इससे मोदी बुरी तरह से घिरते साफ दिखाई देते हैं। इसका पहला संकेत तो यही है कि ट्रम्प के आरोपों का किसी के पास कोई जवाब नहीं है। इस मामले के कई आयाम हैं। पहला यह कि कांग्रेस एवं विपक्षी दलों के पास मोदी के विरूद्ध बहुत बड़ा मामला हाथ लग गया है। चूंकि मोदी ट्रम्प के साथ अपनी मित्रता का बार-बार दावा करते रहे हैं, इसलिये उनकी पार्टी तथा समर्थक यह आरोप भी नहीं लगा सकते कि उनके या भारत के खिलाफ कतिपय ताकतें काम कर रही हैं, जैसा कि ऐसे मामलों में अक्सर कह दिया जाता है। अमूमन इस तरह के आरोप लगने पर इसे 'विदेशी ताकतों का हाथ बताया जाता है' अथवा 'विपक्ष के इशारे पर रची जाने वाली साजिश'। अब तो उन पर दबाव है कि उन्हें खुद को पाक-साफ साबित करना है। ऐसा करने के लिये उन्हें ट्रम्प को झूठा साबित करना होगा। खुद के अलावा सभी विरोधी नेताओं को भ्रष्टाचारी करार देने वाले मोदी निरूत्तर हैं। भारत सरकार के ही वित्त मंत्रालय ने अपने रिकॉड्र्स की छानबीन कर कह दिया है कि यूएसऐड की मदद से देश में 7 परियोजनाएं तो चल रही हैं परन्तु उनमें वोटर टर्नआउट बढ़ाने को लेकर कोई भी कार्यक्रम नहीं है। इससे यह सवाल भी उठने लगा है कि क्या इस राशि को छिपाया गया है या किसी गलत तरीके से लिया गया है जिससे सीधे मोदी अथवा भाजपा को लाभ मिला है? विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इसे चिंताजनक बतलाते हुए कहा कि 'इसकी जांच हो रही है जिससे सच्चाई सामने आ जायेगी।' इस राशि का प्रदाय 'वोटर टर्नआउट' बढ़ाने के लिये किया गया है, अतः इसे पिछले दिनों हुए विभिन्न चुनावों में मतदान का प्रतिशत बढ़ने से जोड़ा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अनेक राज्यों के विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव में मतदान समाप्त होने के समय जो प्रतिशत होता था, वह अगले तीन-चार घंटों में बड़े पैमाने पर बढ़ जाता था। यह माना जाता है कि इसके कारण अनेक राज्यों में हारती हुई भाजपा को सरकार बनाने में मदद मिली थी। महाराष्ट्र में तो हिमाचल प्रदेश की आबादी के बराबर के मतदाता पांच माह की अल्प अवधि में बढ़ गये। यहां तक कि लोकसभा चुनाव में भी कहा जाता है कि भाजपा ने करीब 80 सीटें मैनेज कीं वरना वह सरकार बनाने की स्थिति में नहीं थी। तो क्या यह 21 मिलियन की राशि इस तरह से 'वोटर टर्नआउट' बढ़ाने के नाम पर खर्च की गयी जिससे भारत के कई चुनाव प्रभावित किये गये? यह प्रश्न भी उठ खड़ा हुआ है। पिछले कुछ दिनों से मोदी व भारत के बारे में या उन्हें प्रभावित करने वाले बयानों की श्रृंखला में ट्रम्प ने बैलेट पेपर की भी बात छेड़ दी है जिसके बारे में अनुमान है कि उनका इशारा भारत की चुनाव प्रक्रिया की ओर ही है जो पिछले कुछ समय में जबर्दस्त विवादों में है। जिन चुनावों की बात ऊपर की गयी है, उनमें गड़बड़ियां और कथित हेरा-फेरी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से ही की गयी हैं।

# ध्यान भटकाने को जारी 'विदेशी हाथ' के आरोप

अत्यधिक कुख्यात 'विदेशी हाथ', जो कभी इंदिरा गांधी का अपने विरोधियों पर आरोप जड़ने का पसंदीदा ढंग था, अब फिर से प्रचलन में है। द ट्रिब्यून के अभिलेखागार में झांकें तो आपको पूर्व प्रधानमंत्री द्वारा 'देश को बर्बाद करने पर आमादा' अज्ञात विदेशी ताकतों के जिक्र के अनेक उदाहरण मिलेंगे। बेशक, यह 40 साल पुरानी बात है, और निश्चित रूप से हम उन दिनों से आगे बढ़ चुके हैं और एक अधिक सुरक्षित व आत्मविश्वासी राष्ट्र बन गए हैं।

इस सप्ताह, मार्सेल प्राउस्ट से क्षमा याचना सहित, ऐसा लग रहा है कि हम अतीत की यादों में खो गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के घनिष्ठ मित्र एलन मस्क का यह बयान कि यूएसएड ने 'भारत में मतदान' के लिए 21 मिलियन डॉलर खर्च किए थे, इसे भाजपा सत्य मान बैठी। ट्रम्प की इस हल्की-फुल्की टिप्पणी के बाद कि यह धन बाइडेन प्रशासन द्वारा 'किसी और को निर्वाचित करने' में मदद करने के लिए भेजा गया था,भारत में सत्तारूढ़ दल इसकी प्राप्ति को लेकर अब कांग्रेस को निशाना बना रही है- कुछ लोग इसे जैसे को तैसा कह सकते हैं। बेशक, ट्रम्प अपने समर्थकों को खुश करने के लिए ऐसी बयानबाजियां कर रहे हैं। स्पष्ट रूप से, ठीक यही कुछ भाजपा भी अपने समर्थकों के लिए कर रही है। विदेश मंत्रालय ने कहा : 'यह जानकारी स्पष्ट रूप से बहुत परेशान करने वाली है और भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को लेकर 'चिंता' पैदा करती है। आप कह सकते हैं कि यह 'यह सब राजनीति' है, इस तूफान का मूल उद्देश्य राहुल गांधी को शर्मिंदा करने का एक प्रयास है – ऐसा नहीं है कि उन्हें अपने बचाव में मदद की ज़रूरत है। भले ही सप्ताहांत होते-होते इसका असर अपने-आप छितर भी जाता, पर जरा देखें तो कि 'बात के बतंगड़' ने अब तक क्या नुकसान पहुंचाया। सर्वप्रथम,शर्मिंदगी खुद विदेश मंत्रालय को उठानी पड़ी है, न कि कांग्रेस पार्टी को। दुनिया के बेहतरीन राजनयिकों से सज्जित भारत का विदेश मंत्रालय राजनीति के दलदल से ऊपर रहने की कोशिश करता आया है – और अधिकांशतः सफल भी रहा है। यह अकारण नहीं है कि भारत के कई प्रधानमंत्री पहले विदेश मंत्री भी रहे थे और जो नहीं थे, उन्होंने भी इसके मामलों में गहरी रुचि बनाए रखी है। (वास्तव में, भारत गणराज्य के प्रत्येक राजदूत के नियुक्ति पत्र पर हस्ताक्षर प्रधानमंत्री द्वारा व्यक्तिगत रूप से किए जाते हैं)। यदि विदेश मंत्रालय की भूमिका राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना है, तो उसे वह परंपरा कायम रखनी होगी कि खुद को सत्तारूढ़ दल द्वारा इस्तेमाल न होने दे। इसीलिए वह अपने शब्दों का चयन बहुत सावधानी से करता आया है। आखिरकार, शब्द ही एक राजनयिक के तरकश के एकमात्र तीर होते हैं, और प्रत्येक का अर्थ वही होता है, जो वह कहना चाहता है।

दूसरा, इस मौजूदा तूफान का मतलब है कि भाजपा -और विदेश मंत्रालय भी- पिछले पखवाड़े में तीन अमेरिकी सैन्य उड़ानों के जरिये, बेड़ियों-हथकड़ियों में बंधे भारतीयों की वतन वापसी वाले विवाद को पीछे छोड़ चुके हैं। ट्रम्प से मिलने के उपरांत, प्रधानमंत्री के स्वदेश पहुंचने के तुरंत बाद, इनमें दो उड़ानें अमृतसर में उतरीं, लेकिन सरकार में किसी ने अभी तक यह जवाब नहीं



दिया है कि क्या भारतीय पक्ष ने ट्रम्प के साथ इस मुद्दे को उठाया है।

लेकिन वह कहानी खत्म हो गई है। भारत सरकार आगे बढ़ चुकी है। हालांकि, तथ्य यह है कि कई सवाल अनुत्तरित हैं, जिनमें यह भी शामिल है कि निर्वासित किए सिखों की पगड़ियां अकारण क्यों उतारी गईं। जहां तक सवाल है कि उन्हें बेड़ियां-हथकड़ियां क्यों पहनाई गईं, तो ऐसा लगता है कि अमेरिकी का तरीका यही है – जबकि कई अन्य देश ऐसा नहीं करते और उन्होंने अवांछित भारतीयों को घर भेजते समय ऐसा नहीं किया – लेकिन लगता है कि अमेरिकी कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते।

मूल प्रश्न बना हुआ है। क्या अमेरिका में भारतीय दूतावास या दिल्ली स्थित विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राजनयिकों को बुलाकर उनसे जवाबतलबी की है कि उन उड़ानों में भारतीय नागरिकों के साथ इतना बुरा सुलूक क्यों किया गया? अमेरिकियों ने फिलहाल ऐसी उड़ानें बंद कर रखी हैं –

**ज्योति मल्होत्रा**

जाहिर है,निर्वासितों को पनामा और कोस्टा रिका में छोड़ना कहीं सस्ता पड़ता है। भारत का कहना है कि वह इन लोगों की पहचान की तसदीक कर रहा है – इसमें कुछ समय लग सकता है, मेरे शब्दों पर ध्यान दें, चूंकि यह प्रक्रिया सच में लंबी है और इसमें यह फैसला लेना भी शामिल है कि क्या इनमें कोई किसी अन्य दक्षिण एशियाई देश का नागरिक तो नहीं – भारतीय या पाकिस्तानी या कोई और?- या फिर सब के सब आपके अपने देश के हैं। इस बारे में सोचें, यदि आपके अवैध वीसा एजेंट ने आपका पासपोर्ट रख लिया या जंगल में कहीं फेंक दिया और आपके पास अब कोई पहचान के कागजात नहीं हैं, तो कोस्टा रिका या पनामा में भारतीय राजनयिक किस आधार पर यह तय करेगा कि उसके सामने खड़ा व्यक्ति भारतीय है या नहीं? उसका घर का पता क्या है? वह दिखता कैसा है? वह कौन सी भाषा बोलता है? चौथा, अब वक्त है सीधे मुद्दे पर आने का। सच्चाई यह है कि मौजूदा तूफान वास्तव में आपको अपने आसपास की दुनिया में तेजी से हो रहे बदलावों का विश्लेषण करने से ध्यान भटकाने के वास्ते खड़ा किया गया है। रियाद में रूस-अमेरिका वार्ता के बाद, लगता है ट्रम्प एंड कंपनी रूसियों के साथ अच्छे संबंध बनाने के मूड में पूरी तरह से है। इससे भी महत्वपूर्ण यह कि ट्रम्प ने हाल ही में चीन के शी जिनपिंग को वाशिंगटन डीसी आने का न्यौता दिया है। तो क्या इसका मतलब यह हुआ कि याल्टा जैसा दूसरा सम्मेलन होने वाला है? यह कि, ट्रम्प, पुतिन और जिनपिंग जल्द ही अपने-अपने महाद्वीपों को संभालने जा रहे हैं – रूस को यूरोप और चीन को एशिया का जिम्मा सौंप दिया जाएगा? भले ही यह अतिशयोक्ति लगे, फिर भी आप बात समझ गए होंगे। आप दावे के साथ कह सकते हैं कि रूस और चीन भर में उत्साह की बयार बह रही है।

और यही इस लेख का आखिरी सवाल है: यदि ट्रंप जिनपिंग से गलबहियां डालने जा रहे हैं, जोकि जाहिर है एक नई साहसिक दुनिया की तरह दिखाई दे रहा है, तो भारत का इसमें क्या स्थान है, खासकर तब जब भारत और मोदी चीन से अपने बचाव के लिए ट्रंप और अमेरिका को ढाल की भांति देख रहे थे?

शायद, यह भारत को जगाने वाली चेतावनी है। कदाचित, यह वक्त अपने भीतर ध्यान केंद्रित करने और अपनी खुद की ताकत विकसित करने का है। जहां तक 'विदेशी हाथ' वाले हथकंडे की बात है,तो इसे ठीक उसी रूप में लें जैसा कि यह हमेशा से रहा है, केवल ध्यान भटकाने का एक टोटका।

## जीवन मंत्र

# बच्चों को भुगतनी पड़ती है मां की इन 4 गलतियों की सजा

भारतीय घरों में तो यह बहुत कॉमन है कि पैरेंट्स अपने बच्चे की तुलना किसी शर्मा जी के लड़के से करते ही रहते हैं। खासतौर से माएं अक्सर बच्चों को बेहतर बनाने या ताना मारने के चक्कर में दूसरों के बच्चों से कंपेयर कर ही देती हैं।

बच्चों की सही परवरिश करना बहुत ही चैलेंजिंग काम है। पैरेंट्स के लिए ये जर्नी कई उतार-चढ़ाव से भरी होती है, जिसमें उन्हें भी काफी कुछ नया सीखने को मिलता है। यूं तो हर पैरेंट्स अपनी तरफ से बच्चों को सही परवरिश देने की पूरी कोशिश करते हैं लेकिन कई बार जाने-अनजाने में कुछ गलतियां भी कर बैठते हैं। चूंकि बच्चों की परवरिश में ज्यादातर मां इन्वॉल्व होती हैं इसलिए उनकी हर एक छोटी आदत बच्चे पर बहुत असर डालती है। कई बार मां अपने नेचर या फिर बच्चों के भविष्य की बेहतरी के लिए कुछ ऐसी तरीके अपना लेती हैं, जो बच्चों के लिए बिल्कुल भी सही नहीं होते। ये ना सिर्फ बच्चों की मेंटल ग्रोथ पर असर डालते हैं बल्कि उनके भविष्य पर भी इससे काफी इंपैक्ट पड़ता है। आइए जानते हैं ऐसी ही कुछ कॉमन मिस्टेक्स के बारे में।

भारतीय घरों में तो यह बहुत कॉमन है कि पैरेंट्स अपने बच्चे की तुलना किसी शर्मा जी के लड़के से करते ही रहते हैं। खासतौर से माएं अक्सर बच्चों को बेहतर बनाने या ताना मारने के चक्कर में दूसरों के बच्चों से कंपेयर कर ही देती हैं। यह आपको भले ही छोटी मोटी चीज लगे लेकिन




इसका असर बच्चे के दिमाग पर बहुत गहरा हो सकता है। इससे ना सिर्फ बच्चों के ऊपर बेवजह का प्रेशर बढ़ता है बल्कि बच्चा खुद को कमजोर और हीन महसूस करने लगता है। इससे बच्चों का कॉन्फिडेंस बुरी तरह प्रभावित हो सकता है, जिसका असर उनके भविष्य पर भी पड़ सकता है।

अपने बच्चे को ले कर प्रोटेक्टिव होना कोई बुरी बात नहीं है और हर मां ऐसा ही करती है। लेकिन हद से ज्यादा कोई भी चीज अक्सर नुकसान ही करती है। बचपन से ही अगर आप बच्चे को ले कर ज्यादा ओवर प्रोटेक्टिव हैं और उसे किसी तरह की चुनौतियों का सामना करने ही नहीं देती हैं,तो वो जीवन को कभी समझ ही नहीं पाएगा। उसे ना कभी सही फैसले लेने आएंगे और ना ही वो लोगों के सामने कॉन्फिडेंटली अपने हक के लिए लड़ पाएगा। बच्चे को सही गलत की गाइडेंस जरूर दें लेकिन उसे अपने फैसले खुद लेने के लिए प्रेरित करें।

बच्चे लाइफ में बहुत आगे जाएं और एक सफल इंसान बनें, यह सपना तो हर मां का होता है और इसकी नींव घर से ही रखी जाती है। जैसा कि आप जानती ही होंगी कि जीवन में सफलता पानी है तो डिसिप्लिन यानी अनुशासन का होना बहुत जरूरी है। ऐसे में बच्चों में बचपन से ही इसकी आदत डालें। कुछ माएं बच्चों के लाड़-प्यार में इतनी खो जाती हैं कि उनपर किसी तरह का अनुशासन या कंट्रोल ही नहीं रखतीं। ऐसा करने से बच्चे अक्सर जिद्दी और बदतमीज हो जाते हैं।

## शख्सियत | रविशंकर व्यास

# भारतीय स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक कार्यकर्ता



रविशंकर व्यास एक भारतीय स्वतंत्रता सेनानी, एक सामाजिक कार्यकर्ता। उन पर आर्य समाज का प्रभाव था। उन्होंने महात्मा गांधी और सरदार पटेल के साथ काम किया। उन्होंने पैतृक संपत्ति पर अपना अधिकार छोड़ दिया और 1921 में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गए। 1942में उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में भी भाग लिया।

रविशंकर व्यास का जन्म 25 फरवरी 1884, महाशिवरात्रि को राधू गांव (अब खेड़ा जिला, गुजरात, भारत) में पीतांबर शिवराम व्यास और नाथीबा, एक वडारा ब्राह्मण किसान परिवार में हुआ था। उनका परिवार महेमदावाद के निकट सरसावनी गांव का मूल निवासी था। कृषि कार्य में अपने माता-पिता की मदद करने के लिए उन्होंने छठी कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दिया। वह गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल के सबसे शुरुआती और करीबी सहयोगियों में से एक थे, और दरबार गोपालदास देसाई, नरहरि पारिख और मोहनलाल पंड्या के साथ, 1920 और 1930 के दशक में गुजरात में राष्ट्रवादी विद्रोह के मुख्य आयोजक थे। उन्होंने तटीय मध्य गुजरात के बरैया कोली और पाटनवाडिया कोलियों के पुनर्वास के लिए वर्षों तक काम किया।उन्होंने 1920 में सुनाव गांव में राष्ट्रीय शाला (राष्ट्रीय विद्यालय) की स्थापना की। उन्होंने पत्नी की इच्छा के विरुद्ध पैतृक संपत्ति पर अपना अधिकार छोड़ दिया और 1921 में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गए। उन्होंने 1923 में बोरसाद सत्याग्रह में भाग लिया और हैदिया टैक्स का विरोध किया। उन्होंने 1928 में बारडोली सत्याग्रह में भी भाग लिया और ब्रिटिश अधिकारियों ने उन्हें छह महीने के लिए कैद कर लिया। उन्होंने 1927 में बाढ़ के राहत कार्यों में भाग लिया जिससे उन्हें पहचान मिली। वह 1930 में गांधीजी के साथ नमक मार्च में शामिल हुए और उन्हें दो साल की कैद हुई।1942 में, उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में भी भाग लिया और अहमदाबाद में सांप्रदायिक हिंसा को शांत करने का भी प्रयास किया।

वह भूदान आंदोलन में विनोबा भावे के साथ शामिल हुए और 1955 और 1958 के बीच 6000 किलोमीटर की यात्रा की। 1 मई 1960 को जब गुजरात राज्य का निर्माण हुआ तो रविशंकर महाराज ने उसका उद्घाटन किया।उन्होंने 1975 में आपातकाल का भी विरोध किया। 1 जुलाई 1984 को बोरसाद, गुजरात में उनका निधन हो गया।उन्हें समर्पित स्मारक अध्यापन मंदिर, वल्लभ विद्यालय, बोचासन में स्थित है।

## जीवन ऊर्जा

रिक फ्लेयर : जन्म-25 फरवरी 1949 | जन्म

# विपत्ति सबसे बड़ी शिक्षक है

25 फरवरी 1949 को जन्मे रिक फ्लेयर एक प्रसिद्ध पेशेवर पहलवान हैं जो अपने शानदार व्यक्तित्व और रिंग कौशल के लिए जाने जाते हैं। 16 बार के विश्व चैंपियन सहित कई चैंपियनशिप खिताब अपने नाम करने के साथ, फ्लेयर के करिश्माई व्यक्तित्व और सिग्नेचर कैचफ्रेज़, वू! ने उन्हें कुश्ती की दुनिया में एक आइकन बना दिया है।

आदमी बनने के लिए, आपको आदमी को हराना होगा। हीरे हमेशा के लिए हैं, और रिक फ्लेयर भी हमेशा के लिए हैं।चाहे आपको यह पसंद हो या आपको यह पसंद न हो, इसे प्यार करना सीखें, क्योंकि यह सबसे अच्छी चीज़ है। मैं रिक फ्लेयर हूं! स्टाइलिंग, प्रोफाइलिंग, लिमोजिन राइडिंग, जेट फ्लाइंग, किस-स्टीलिंग, व्हीलिन एन डीलिंग सन ऑफ ए गन! मैंने कुश्ती के लिए ऐसे मानक स्थापित किए हैं, जिनके बारे में लोगों ने सोचा भी नहीं था। आपको जो मिला है, उसमें खुश रहना है और आपको खुद से खुश रहना है। मैंने अपने जीवन में कभी किसी चीज़ के लिए भीख नहीं मांगी और मैं अभी शुरुआत नहीं कर रहा हूं। आप अनुभव नहीं सीख सकते। मैं रिक फ्लेयर, नेचर बॉय हूं और मैं आदमी हूं। इसका मतलब है कि जब मैं कहीं जाता हूं, तो शो लेकर आता हूं। यदि आप इसका समर्थन करते हैं तो यह दिखावा नहीं है। मैं रिक फ्लेयर हूं! खेल का सबसे गंदा खिलाड़ी। मुझे किसी भी चीज़ में दूसरा सर्वश्रेष्ठ बनना पसंद नहीं है। मैंने बिखरी हुई शराब पर आपकी तुलना में अधिक पैसा खर्च किया है। मैं वह व्यक्ति हूं जिसने कुश्ती



को शानदार बनाया। लोग मेरे जैसा बनना चाहते थे। मैं हमेशा से एक मनोरंजनकर्ता रहा हूं। मैंने कभी किसी को मुझसे अधिक कठिन तैयारी करने वाला और चीज़ों को अधिक गंभीरता से लेने वाला नहीं देखा। मैं राजाओं और रानियों के जूते पहनकर चला हूं और मैं राष्ट्रपतियों के जूते पहनकर चला हूं और मैं उस आदमी के जूते पहनकर चला हूं जो फर्श साफ करता है। पैसा ही सब कुछ नहीं है। केवल यही एक चीज़ है। मैंने हमेशा अपने आप को एक बहुत ही सभ्य, दयालु इंसान माना है, लेकिन लोग आपको कुछ ऐसा बना सकते हैं जो आप नहीं हैं। मैं बहुत अच्छी स्थिति में हूं। आपको याद रखना होगा, मैं एक पेशेवर एथलीट हूं। मैंने पहले भी कहा है कि विपत्ति सबसे बड़ी शिक्षक है। लेकिन जैसे-जैसे आप बड़े होते जाते हैं, आप यह सोचना पसंद करते हैं कि आप जीत से भी कुछ सीख सकते हैं। मैं अकेला नेचर बॉय हूं।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# मोक्ष से पुरुषार्थों को पाना सांसारिक प्राप्ति का ध्येय है

धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष इन चार प्रकार के पुरुषार्थों को प्राप्त करना ही सांसारिक प्राप्ति का ध्येय होता है और इसमे से भी लोग अर्थ को अत्यधिक महत्त्व प्रदान करते हैं। इसका कारण यह है की भगवती कमला अर्थ की आधिष्ठात्री



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

देवी है। उनकी आकर्षण शक्ति में जो मात्रु शक्ति का गुण विद्यमान है, उस सहज स्वाभाविक प्रेम के पाश से वे अपने पुत्रों को बांध ही लेती हैं। जो भौतिक सुख के इच्छुक होते हैं, उनके लिए कमला सर्वश्रेष्ठ साधना है। यह दीक्षा सर्व शक्ति प्रदायक है, क्योंकि कीर्ति, मति, द्युति, पुष्टि, बल, मेधा, श्रद्धा, आरोग्य, विजय आदि दैवीय शक्तियां कमला महाविद्या के अभिन्न देवियाँ हैं।

**कमला माता का मंत्र:**

कमलगट्टे की माला से रोजाना दस माला 'हसौः जगत प्रसुत्तयै स्वाहाः।' मंत्र का जाप कर सकते हैं। जाप के नियम किसी जानकार से पूछें।

प्रत्येक महाविद्या दीक्षा अपने आप में ही अद्वितीय है, साधक अपने पूर्व जन्म के संस्कारों से प्रेरित होकर या गुरुदेव



से निर्देश प्राप्त कर इनमें से कोई भी दीक्षा प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्येक दीक्षा के महत्त्व का एक प्रतिशत भी वर्णन स्थानाभाव के कारण यहां नहीं हुआ है, वस्तुतः मात्र एक महाविद्या साधना सफल हो जाने पर ही साधक के लिए सिद्धियों का मार्ग खुल जाता है, और एक-एक करके सभी साधनों में सफल होता हुआ वह पूर्णता की ओर अग्रसर हो जाता है।

यहां यह बात भी ध्यान देने योग्य है, कि दीक्षा कोई जादू नहीं है, कोई मदारी का खेल नहीं है, कि बटन दबाया और उधर कठपुतली का नाच शुरू हो गया।

दीक्षा तो एक संस्कार है, जिसके माध्यम से कुस्नास्कारों का क्षय होता है, अज्ञान, पाप और दारिद्र्य का नाश होता है, ज्ञान शक्ति व् सिद्धि प्राप्त होती है और मन में उमंग व् प्रसन्नता आ पाती है। दीक्षा के द्वारा साधक की पशुवृत्तियों का शमन होता है और जब उसके चित्त में शुद्धता आ जाती है, उसके बाद ही इन दीक्षाओं के गुण प्रकट होने लगते हैं और साधक अपने अन्दर सिद्धियों का दर्शन कर आश्चर्य चकित रह जाता है।

जब कोई श्रद्धा भाव से दीक्षा प्राप्त करता है, तो गुरु को भी प्रसनता होती है, कि मैंने बीज को उपजाऊ भूमि में ही रोपा है। वास्तव में ही वे सौभाग्यशाली कहे जाते है, जिन्हें जीवन में योग्य गुरु द्वारा ऐसी दुर्लभ महाविद्या दीक्षाएं प्राप्त होती हैं, ऐसे साधकों से तो देवता भी इर्ष्या करते हैं।

## अपने विचार



मैंने लाल किले से कहा है कि विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं- गरीब, अन्नदाता किसान, नौजवान और नारी शक्ति। एनडीए सरकार चाहे केंद्र में हो या राज्य में, किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता में है।
**-नरेंद्र मोदी,** पीएम



हमने समाजवादी पार्टी की तरह आस्था से खिलवाड़ नहीं किया। आपके मुख्यमंत्री के समय फुरसत नहीं थी कि वहां की समीक्षा कर सकें। एक गैर सनातनी को कुंभ का प्रभारी बनाया था।
**-योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उत्तर प्रदेश



राजनीति में किसी की भी पकड़ स्थायी नहीं रहती। नेतृत्व बदलता रहा है। यह चीज तो जनता की स्वीकार्यता पर भी निर्भर करती है कि किस का दबदबा रहेगा।
**-गणेश नाइक,** मंत्री, महाराष्ट्र



यह देखना सुखद है। जहां तक संभव हो आर्थिक विकास के लिए राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर काम करना चाहिए।'
**-शशि थरूर,** नेता, कांग्रेस

**अपने विचार**
**डीबीडी कार्यालय**
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
**indiagroundreport@gmail.com**
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार)।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के सफल एक वर्ष

## भांडुप-कल्याण सर्कल में 3,300 उपभोक्ताओं को बनाया आत्मनिर्भर

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण/भांडुप**

केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ने अपना एक वर्ष पूरा कर लिया है। इस योजना के तहत 300 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली दी जा रही है, साथ ही अतिरिक्त बिजली बेचकर वे आय भी अर्जित कर सकते हैं। महावितरण के भांडुप और कल्याण सर्कल में अब तक 3,283 ग्राहकों ने इस योजना का लाभ उठाया है। योजना के तहत 1 से 3 किलोवाट क्षमता की रूफटॉप सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित कर उपभोक्ताओं को 120 से 360 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिल रही है।




### योजना के प्रमुख लाभ

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं को 1 से 3 किलोवाट की रूफटॉप सौर ऊर्जा उत्पादन परियोजना के माध्यम से हर महीने लगभग 120 से 360 यूनिट मुफ्त बिजली प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन प्रणाली स्थापित करने में सक्षम बनाने के लिए विभिन्न बैंकों से रियायती ब्याज दरों पर ऋण सुविधा उपलब्ध है, तथा ऋण प्रक्रिया को भी सरल बनाया गया है। ग्रामीण उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करने वाली ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही महावितरण 10 किलोवाट तक के आवेदनों के लिए स्वत: स्वीकृति प्रदान कर रहा है और सौर नेट मीटर भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### सफल क्रियान्वयन

इस योजना को महावितरण के भांडुप और कल्याण सर्किलों में ग्राहकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। अब तक भांडुप सर्कल में 1899 और कल्याण सर्कल में 1384 ग्राहकों ने सूर्यघर योजना का लाभ उठाया है। इन ग्राहकों ने अपने घरों की छतों पर सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करके बिजली पैदा करना शुरू कर दिया है।

### कैसे करें आवेदन?



योजना के तहत क्रियान्वित सौर परियोजनाओं से उत्पन्न बिजली का उपयोग उपभोक्ताओं द्वारा किया जा सकेगा। इसके अलावा, यदि ग्राहकों की जरूरतें पूरी करने के बाद भी बिजली बचती है तो उसे महावितरण से खरीदा जा रहा है। इसकी राशि संबंधित उपभोक्ताओं के बिजली बिल में समायोजित की जा रही है। छत पर सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को एक किलोवाट के लिए 30,000 रुपये, दो किलोवाट के लिए 60,000 रुपये तथा तीन किलोवाट और उससे अधिक के लिए अधिकतम 78,000 रुपये की प्रत्यक्ष सब्सिडी मिल रही है। इसके साथ ही, हाउसिंग सोसाइटियों, हाउसिंग कॉम्प्लेक्सों और 500 किलोवाट तक के साझा उपयोग के लिए इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों के लिए 18,000 रुपये प्रति किलोवाट की दर से सब्सिडी प्रदान की जा रही है, जो अधिकतम 90 लाख रुपये तक होगी। पीएम-सूर्यघर योजना की वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद, ग्राहक परियोजना स्थापित करने के लिए अपनी पसंद का विक्रेता चुन सकते हैं। परियोजना स्थापित होने के बाद सब्सिडी सीधे ग्राहक के खाते में जमा कर दी जाती है। योजना की समस्त जानकारी विद्युत उपभोक्ताओं के लिए वेबसाइट https://www.pmsuryaghar.gov.in पर उपलब्ध है।

# आईएनएस गुलदार पर बनेगा नौसेना संग्रहालय

## विजयदुर्ग खाड़ी में होगा युद्धपोत का संरक्षण

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम (एमटीडीसी) ने सेवानिवृत्त भारतीय नौसेना युद्धपोत 'आईएनएस गुलदार' को संग्रहालय के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। सोमवार को भारतीय नौसेना ने औपचारिक रूप से इसे एमटीडीसी को सौंप दिया। जल्द ही इसे मालवण के विजयदुर्ग खाड़ी के पास निवाती समुद्र में स्थापित किया जाएगा, जहां इसे वैज्ञानिक रूप से संरक्षित किया जाएगा।

### पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा



एमटीडीसी के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि महाराष्ट्र सरकार के अनुरोध पर भारतीय नौसेना ने यह युद्धपोत संग्रहालय बनाने के लिए सौंपा है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के प्रयासों से केंद्र सरकार के रक्षा मंत्रालय ने इस परियोजना को मंजूरी दी। विजयदुर्ग किला, जो 105 वर्षों तक मराठों के शासन में रहा, एक सामरिक और ऐतिहासिक स्थल है। यहां संग्रहालय स्थापित करने से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि नौसेना के युद्धपोत को नजदीक से देखने का अनुभव भी पर्यटकों को मिलेगा।

# जडबी इंग्लिश स्कूल का वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न




**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

मंडई स्थित जडबी इंग्लिश मीडियम स्कूल का वार्षिक उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही, जहां बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। स्कूल के संस्थापक साजिद सर ने कहा कि उनका उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार और सांस्कृतिक ज्ञान प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि हम अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और उन्हें शिक्षा के साथ खेल एवं अन्य गतिविधियों में भी प्रशिक्षित करते हैं। कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, गायन और नाटक जैसे विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया। उपस्थित दर्शकों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# विधायक समाधानदादा अवताडे का नागरिक सम्मान समारोह

**मंगलवेढ़ा-मुंबई फ्रेंड्स एसोसिएशन द्वारा आयोजन**



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

पंढरपुर-मंगलवेढ़ा निर्वाचन क्षेत्र के विधायक समाधान (दादा) महादेव अवताड़े का नागरिक सम्मान एवं मंगलवेढ़ा-मुंबई निवासियों की एक सभा का आयोजन 5 मार्च (बुधवार) शाम 6 बजे वाशी, नवी मुंबई में किया जाएगा। यह सम्मान समारोह एवं पारिवारिक मिलन कार्यक्रम वाशी के आर्य समाज हॉल, प्लॉट नं. 6, सेक्टर 9ए में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरावती स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधायक धीरज लिंगाडे करेंगे। मंगलवेढ़ा-मुंबई मित्रमंडल के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सर्जेराव सावंत ने मंगलवेढ़ा तालुका के सभी नागरिकों से अपने परिवार सहित इस समारोह में भाग लेने की अपील की है।

# पश्चिम रेलवे का लोअर परेल कारखाना : बीते दिनों की अमर विरासत का संरक्षक

## हेरिटेज घड़ी और ट्यून्ड बेल रेलवे के समृद्ध इतिहास की दे रहे जीवंत गवाही

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

लोअर परेल वर्कशॉप में मुख्य प्रवेश द्वार के सामने स्थित फिएट बोगी शॉप की दीवार पर हेरिटेज क्लॉक लगी हुई है - जो इतिहास का एक उल्लेखनीय पन्ना है, जो 1889 से अनवरत चल रही है। इंग्लैंड के क्रॉयडन की मेसर्स गिलेट एंड कंपनी द्वारा निर्मित यह प्रतिष्ठित घड़ी न केवल एक समय मापने वाला उपकरण है, बल्कि शिल्प कौशल, विरासत और लोअर परेल वर्कशॉप की स्थायी विरासत का प्रतीक है।




### इतिहास पर एक नज़र

हेरिटेज क्लॉक को 1889 में इंग्लैंड के क्रॉयडन में यूनियन रोड सुविधा में मेसर्स गिलेट एंड कंपनी द्वारा तैयार किया गया था, जो 1844 से अपनी घड़ी बनाने की विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध कंपनी है। इसकी स्थापना लोअर परेल वर्कशॉप की स्थापना के साथ हुई, जिससे यह वर्कशॉप के गौरवशाली अतीत का एक अभिन्न अंग बन गया। दशकों से घड़ी ने कारखाने के विकास को देखा है, जो समय बीतने के मूक प्रहरी के रूप में आज भी विद्यमान है।

### इंजीनियरिंग मार्वल

हेरिटेज क्लॉक मैकेनिकल इंजीनियरिंग का एक चमत्कार है। 213 सेमी के समग्र व्यास और 152 सेमी के डायल व्यास के साथ यह एक प्रभावशाली संरचना है जो ध्यान आकर्षित करती है। घड़ी पीतल के घटकों से बने एक सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किए गए गियर ट्रेन के माध्यम से संचालित होती है, जिसे जंग के प्रतिरोध के लिए चुना जाता है। घड़ी को चालू रखने के लिए आवश्यक ऊर्जा एक धातु स्प्रिंग में संग्रहीत होती है, जिसे निर्बाध संचालन सुनिश्चित करने के लिए सप्ताह में एक बार घुमाया जाता है। इस घड़ी को जो चीज वाकई उल्लेखनीय बनाती है, वह है इसकी सादगी और मजबूती। इसके कॉम्पैक्ट मैकेनिज्म को न्यूनतम रखरखाव की आवश्यकता होती है, जो इसके रचनाकारों की सरलता का प्रमाण है। अपनी उम्र के बावजूद, घड़ी सटीकता के साथ काम करना जारी रखती है, जो 19वीं सदी की शिल्पकला को ट्रिब्यूट है।

### ट्यून्ड बेल: एक सामंजस्यपूर्ण साथी




इस जगह के ऐतिहासिक महत्व को बढ़ाने के लिए एक ट्यून्ड घंटी भी है, जिसे 1890 में मेसर्स गिलेट एंड कंपनी ने बनाया था। हेरिटेज क्लॉक के ठीक नीचे स्थित इस घंटी पर कास्ट नंबर 122 अंकित है और इसका वजन 57 किलोग्राम है। 425 मिमी व्यास और 430 मिमी की ऊंचाई के साथ यह कंपनी की शिल्पकला का एक बेहतरीन उदाहरण है। साथ में, घड़ी और घंटी एक सामंजस्यपूर्ण जोड़ी बनाते हैं, जो लोअर परेल वर्कशॉप के समृद्ध इतिहास को प्रतिध्वनित करते हैं।

### समय के संरक्षक

लोअर परेल स्थित कैरिज एंड वैगन वर्कशॉप के मुख्य कारखाना प्रबंधक श्री परिवेश साहू सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत के संरक्षण और रख-रखाव को महत्व देते हैं। यह एक सराहनीय प्रयास है जो इस लंबे और संजोए हुए इतिहास की सुरक्षा में योगदान देता है। हेरिटेज घड़ी के रख-रखाव का काम लोअर परेल वर्कशॉप के मिलराइट शॉप के दो वरिष्ठ तकनीशियनों, श्री राजकुमार सरोज और श्री नॉर्बर्ट डिमेलो को सौंपा गया है, जो अपने समर्पण के साथ 1990 से इस प्राचीन घड़ी के संरक्षक रहे हैं। इन तकनीशियनों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, जिन्हें न केवल हेरिटेज घड़ी बल्कि कारखाना के भीतर सभी GA कार्ड टाइम-पंचिंग घड़ियों के रख-रखाव की जिम्मेदारी दी गई है। उनकी अटूट प्रतिबद्धता यह सुनिश्चित करती है कि ये ऐतिहासिक घड़ियाँ सुचारू रूप से चलती रहें, और भविष्य की पीढ़ियों के लिए अपनी विरासत को संरक्षित रखें।

### एक जीवित विरासत

हेरिटेज घड़ी और ट्यून की गई घंटी सिर्फ़ कलाकृतियाँ नहीं हैं; वे हमारे पहले आए लोगों की सरलता और समर्पण की जीवंत याद दिलाती हैं। वे लोअर परेल वर्कशॉप की स्थायी भावना और अपनी विरासत को संरक्षित करने की प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में खड़े हैं। जैसे-जैसे घड़ी चलती रहती है और घंटी बजती है, वे हमें सटीकता, शिल्प कौशल और हमारे अतीत का सम्मान करने के महत्व के कालातीत मूल्यों की याद दिलाती हैं। हेरिटेज घड़ी सिर्फ़ इतिहास का अवशेष नहीं है - यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का एक प्रकाश स्तंभ है।

# राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष:** बकाया वसूली समय पर होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**वृष:** तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। किसी जानकार व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कोर्ट व कचहरी के कार्यों में गति आएगी। व्यापारी वर्ग लाभ की वृद्धि का आनंद ले सकता है। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।

**मिथुन:** कोर्ट-कचहरी व सरकारी कार्यालयों में रुके कामों में अनुकूलता रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। दांपत्य जीवन में आनंद बना रहेगा। मातहतों का सहयोग मिलेगा। किसी भी तरह के विवाद में न पड़ें।

**कर्क:** पुराना रोग परेशानी का कारण रहेगा। सेहत पर विशेष ध्यान दें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। समय नेष्ट है। वाणी पर नियंत्रण आवश्यक है।

**सिंह:** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग अपने क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करेगा। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**कन्या:** धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। आर्थिक उन्नति व कार्यप्रणाली सुधारने के लिए नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। सामाजिक सेवाकार्य करने के लिए प्रेरणा मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**तुला:** आशा व निराशा के बीच समय गुजरेगा। आर्थिक परेशानी रहेगी। फालतू खर्च होगा। बजट बिगड़ेगा। दूसरों से अपेक्षा न करें। समय पर काम नहीं होने से तनाव रहेगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें।

**वृश्चिक:** भूमि व भवन की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। कारोबारी बड़ा लाभ हो सकता है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। नौकरी में उच्चाधिकारियों की प्रसन्नता प्राप्त होगी।

**धनु:** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। बेवजह तनाव व चिंता रहेंगे। मामूली बात पर विवाद हो सकता है। कारोबार में लाभ होगा। मन में संवेदनशीलता बनी रहेगी।

**मकर:** पुराने संगी-साथी तथा रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। किसी लंबी यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ:** प्रयास सफल रहेंगे। काफी समय से लंबित कार्य पूर्ण होने के योग हैं। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा किसी वरिष्ठ व्यक्ति से प्राप्त होगी।

**मीन:** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ फल देगा। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है।

# जानें कैसे बनता है विष दोष योग




**ज्योतिष आचार्य पं.भरतलाल शास्त्री जी अनुसार -**

1.चंद्र और शनि किसी भी भाव में इकट्ठा बैठे हो तो विष योग बनता है।

2. गोचर में जब शनि चंद्र के ऊपर से या जब चंद्र शनि के ऊपर से निकलता है तब विष योग बनता है। जब भी चंद्रमा गोचर में शनि अथवा राहु की राशि में आता है विष योग बनता है।

**शनि-चंद्र युति का असर :**

1.इससे जातक के मन में हमेशा असंतोष, दुख, विषाद, निराशा और जिंदगी में कुछ कमी रहने की टसक बनी रही है। कभी कभी आत्महत्या करने जैसे विचार भी आते हैं। मतलब हर समय मन मस्तिष्क में नकारात्मक सोच बनी रहती है।

2.यह युति जिस भी भाव में होती है यह उस भाव के फल को खराब करती है। जैसे यदि यह युति पंचम भाव में है तो व्यक्ति जीवन में कभी स्थायित्व नहीं पाता है। भटकता ही रहता है। यदि सप्तम भाव में चन्द्र व शनि की युति है तो जातक का जीवनसाथी प्रतिष्ठित परिवार से तो होता है, लेकिन दाम्पत्य जीवन की कोई गारंटी नहीं। हां यदि चंद्र शनि के साथ मंगल भी हो तो दाम्पत्य जीवन में परेशानियां आती हैं।



प्रियंका जैन
9769994439

3.जातक शत्रुओं का नाश करने एवं उन्हें हानि पहुंचाने या उन्हें कष्ट पहुंचाने के लिए कार्य करता है। मतलब यह कि जातक के जीवन में उसके शत्रु ही महत्वपूर्ण होते हैं।

4.शनि-चन्द्र की युति वाला जातक कभी भी अपने अनुसार काम नहीं कर पाता है उसे हमेशा दूसरो का ही सहारा लेना पडता है। ऐसे जातक के स्वभाव में अस्थिरता होती है। छोटी-छोटी असफलताएं भी उसे निराश कर देती हैं।

**सकारात्मक पक्ष :** कहते हैं कि इस युति में व्यक्ति न्यायप्रिय, मेहनती, ईमानदार होता है। इस युति के चलते व्यक्ति में वैराग्य भाव का जन्म भी होता है।

**इस योग के निदान के 6 उपाय :**

1. जिस व्यक्ति की कुंडली में विष योग बना हो वे शनिवार को पीपल के पेड़ के नीचे नारियल फोड़ें।
2. शनिवार को सरसों के तेल में काले उड़द और काले तिल डालकर दीपक जलाएं।
3. पानी से भरा घड़ा शनि या हनुमान मंदिर में दान करें।
4. हनुमानजी की आराधना से विष योग में बचाव होता है। हररोज हनुमान चालीसा के पाठ करिए।
5. शनिवार को कुएं में कच्चा दूध डाले।
6. हर शनिवार को छाया दान करे विश्व दोष की शांति करें कोई भी नदी के किनारे चंद्र और शनि का शनि विशेष पूजा किया जाता है। इसके अलावा हररोज शिव मंदिर जाकर दुध से अभिषेक करके महामृतुंजय का जाप करने से भी विष योग से राहत मिलती है।

न्यूज़ ब्रीफ

### पीएम मोदी की प्रस्तावित शीतकालीन यात्रा

**देहरादून।** पीएम मोदी शीतकालीन यात्रा के लिए जल्द ही मुखबा आ सकते हैं। पीएम मोदी के दौरे को लेकर जिला प्रशासन पिछले कई दिनों से तैयारियों में जुटा है। इसी कड़ी में आज सीएम धामी भी तैयारियों का जायजा लेने के लिए हर्षिल पहुंचे। यहां सीएम धामी ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री मोदी की महत्वपूर्ण यात्रा को स्मरणीय और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश सीएम धामी ने दिये। साथ ही सीएम धामी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थानीय संस्कृति एवं पारंपरिक धरोहर को प्रदर्शित करने के संबंध में भी विशेष प्रबंध किए जाएं, जिससे प्रदेश का समृद्ध पर्यटन और अधिक सशक्त हो।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में दून की रैंकिंग सुधारने की जद्दोजहद

**देहरादून।** शहर स्वच्छता रैंकिंग में अच्छे परिणाम ला सके, इसके लिए नगर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। नगर निगम शहर को अच्छे रैंक दिलाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इस बार दून को 50वां स्थान दिलाने का दावा किया जा रहा है। जिसके लिए दून वासियों से भी सहयोग की अपील की जा रही है। वहीं भारत सरकार ने स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत लोगों से निकायों में सफाई व्यवस्था को लेकर फीडबैक लेना शुरू कर दिया है। निगम के मुताबिक, शहर के लोग जितनी ज्यादा संख्या में अपनी राय देंगे, बेहतर रैंक प्राप्त करने में निगम को उतनी ही ज्यादा मदद मिलेगी। मार्च में केंद्र से स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम देहरादून आ सकती है। यहां व्यवस्थाओं का जायजा लेने के बाद रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

### 'दादी' शब्द पर बवाल जारी, माफी पर फंसा पेंच



**जयपुर।** विधानसभा में दादी शब्द लेकर चल रहा गतिरोध लगातार बरकरार है। सदन में एक बार फिर माफी मांगने पर पेच फंसा और सदन की कार्यवाही तीसरी बार फिर स्थगित करनी पड़ी। भोजन अवकाश के बाद सदन की कार्यवाही में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा सदस्य गोविंद सिंह डोटासरा ने पूरे घटनाक्रम पर खेद तो जाता है, लेकिन उन्होंने अपने द्वारा आसान की तरफ बढ़ने के मामले पर माफी नहीं मांगने पर गतिरोध बढ़ गया। सत्ता पक्ष ने आपत्ति दर्ज कराई कि डोटासरा पूर्व में निर्धारित बातचीत के अनुसार माफी नहीं मांग रहे है। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के बीच में नोंकझोंक शुरू हो गई, इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही को दोपहर 2:48 बजे तक के स्थगित कर दिया। वहीं, अब एक बार फिर सदन की कार्यवाही शुरू हो चुकी है। अध्यक्ष की चेयर की तरफ मार्शल लगाए गए।

# झारखंड में संवैधानिक पदों पर सस्पेंस बरकरार

- हाईकोर्ट में सरकार का जवाब
- नेता प्रतिपक्ष नहीं चुने जाने से नियुक्तियां प्रभावित

एजेंसी । रांची




झारखंड में लोकायुक्त, मुख्य सूचना आयुक्त, मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष समेत कई संवैधानिक पदों पर नियुक्तियां अटकी हुई हैं। इसका कारण नेता प्रतिपक्ष का अब तक चयन न होना बताया जा रहा है। इस मुद्दे पर हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें सरकार ने नेता प्रतिपक्ष के अभाव को प्रमुख कारण बताया। अदालत ने अब इस मामले की अगली सुनवाई मार्च के अंतिम सप्ताह में तय की है।

#### चार साल तक चला था सदन बिना नेता प्रतिपक्ष के

झारखंड विधानसभा के पिछले कार्यकाल में भी यही स्थिति बनी रही थी। बाबूलाल मरांडी पर दलबदल का मामला लंबित रहने के कारण उन्हें नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं मिला, जिससे चार साल तक यह पद खाली रहा। बाद में अक्टूबर 2023 में भाजपा ने अमर बाउरी को नेता प्रतिपक्ष घोषित किया था। अब एक बार फिर झारखंड में संवैधानिक पदों पर नियुक्तियां अटकी हुई हैं और सरकार तथा विपक्ष, दोनों की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

#### सुप्रीम कोर्ट ने दिया था दो हफ्ते का समय

इससे पहले जनवरी 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने विपक्षी दल को आदेश दिया था कि दो सप्ताह में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति कर कमेटी में उसे शामिल किया जाए। हालांकि, भाजपा अब तक इस प्रक्रिया को पूरा नहीं कर पाई है।

### फायरिंग में महिला की मौत, प्रेमी घायल



**बुलंदशहर।** यूपी के बुलंदशहर स्थित खानपुर क्षेत्र के गांव खिदरपुर में एक व्यक्ति ने पुत्र को पेपर दिलाने आई मां व उसके प्रेमी पर फायरिंग कर दी। इस घटना में महिला की मौत हो गई और प्रेमी की हालत भी नाजुक बनी हुई है। सूचना पर एसपी सिटी शंकर प्रसाद, सीओ दिलीप सिंह व थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी जुटाई। वहीं आरोपी घटना को अंजाम देकर भाग निकला। थाना क्षेत्र के गांव गंगहरी निवासी नरेश की पत्नी एक वर्ष पूर्व उसे छोड़कर गांव के ही अपने प्रेमी के साथ चली गई थी। सोमवार को महिला अपने प्रेमी के साथ पुत्र को बोर्ड की परीक्षा दिलवाने खिदरपुर पहुंची, तभी पहले से इंतजार कर रहे उसके पति ने महिला व उसके प्रेमी पर हमला करते हुए पिस्टल से फायर कर दिया।

# 'गिद्धों को लाशें नजर आती हैं सनातन की सुंदरता नहीं'

- महाकुंभ पर विवादित टिप्पणी पर भड़के सीएम योगी, विपक्ष को घेरा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को लेकर विपक्षी दलों की टिप्पणियों पर कड़ा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि समाजवादियों और वामपंथियों को सनातन की सुंदरता नजर नहीं आती। सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया देते हुए, सीएम योगी ने लिखा, ³महाकुंभ में जिसने जो तलाशा, उसे वही मिला। गिद्धों को लाशें मिलीं, सुअरों को गंदगी मिली, जबकि आस्थावानों को पुण्य मिला।² सीएम योगी ने महाकुंभ की व्यवस्थाओं का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने खुद वहां का जायजा लिया है। उन्होंने सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार ने एक गैर-सनातनी को कुंभ का प्रभारी बना दिया था क्योंकि तब के मुख्यमंत्री के पास इसके लिए समय नहीं था।

#### सपा पर साधा निशाना



सीएम योगी ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सपा विधायकों के रवैये की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान और लोकतंत्र की बात करते हैं, उनका व्यवहार बताता है कि वे वास्तव में संविधान के प्रति कितनी श्रद्धा रखते हैं।

#### यूपी में निवेश और रोजगार पर जोर

सीएम योगी ने कहा कि सनातन के आयोजनों से यूपी को नई पहचान मिली है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुधरी है, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। उन्होंने दावा किया कि अब तक 16 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव जमीन पर उतारे जा चुके हैं, जिससे 60 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। उन्होंने इसे डबल इंजन सरकार की सफलता बताया और कहा कि दुनिया भर के निवेशक अब यूपी में रुचि ले रहे हैं।


# बिहार को दहलाने की साजिश नाकाम

### रोहतास में 7 क्विंटल अमोनियम नाइट्रेट बरामद

एजेंसी । रोहतास

बिहार के रोहतास में पुलिस ने भारी मात्रा में अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया है। जिसका वजन 15 बोरी में 7 क्विंटल बताया जा रहा है। इतनी मात्रा में रासायनिक पदार्थ बरामद होने के बाद पुलिस अलर्ट हो गयी है। हालांकि इस मामले में अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

#### कोई साजिश तो नहीं




मामला जिले के सासाराम के धौडाढ़ थाना क्षेत्र के लेरूआ का बताया जा रहा है। जहां एक खेत के पुआल के नीचे 15 बोरी विस्फोटक पदार्थ अमोनियम नाइट्रेट रखा गया था। विस्फोटक बरामद होने के बाद से पुलिस हैरान है। सवाल है कि कहीं कोई साजिश तो नहीं रची जा रही थी?

#### कृषि विभाग को भेजा सैंपल

रोहतास पुलिस के मुताबिक बरामद अमोनियम नाइट्रेट के बोरा पर एग्रो प्रोडक्ट, महाराष्ट्र अंकित है। रोहतास पुलिस ने बरामद अमोनियम नाइट्रेट के सैंपल को कृषि विभाग के अधिकारियों के पास भी भेजा है ताकि इसकी जांच की जा सके। पुलिस ने बताया कि इसके पीछे किसका हाथ है, इसके बारे में पता लगाया जा रहा है।

# संपत्ति का ब्योरा न देने वाले कर्मचारियों को नहीं मिलेगा मार्च में वेतन

**लखनऊ।** यूपी के उन राज्य कर्मचारियों को फरवरी के वेतन का भुगतान मार्च में नहीं किया जाएगा जिन्होंने अपनी संपत्ति का विवरण मानव संपदा पोर्टल में नहीं दिया है। यूपी के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा कि सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से 28 फरवरी तक अपनी चल और अचल संपत्ति का विवरण मानव संपदा पोर्टल पर दे देना है। प्रदेश में जिन भी कर्मचारियों ने यह ब्योरा नहीं दिया है उनका फरवरी माह का वेतन रोक दिया जाएगा। मालूम हो कि सभी कर्मचारियों को 31 दिसंबर 2024 को ही अपनी चल और अचल संपत्ति का ब्योरा देना था। इसके बाद संपत्ति का ब्योरा देने की यह तिथि बार-बार बढ़ाई जाती रही है। जनवरी और फरवरी के पहले सप्ताह में यह तिथि दो बार बढ़ाई गई है।



#### सीएम ने दिए थे ये निर्देश

सीएम ने निर्देश दिए थे कि सर्विस बुक को मानव संपदा पोर्टल पर ई-सर्विस बुक के रूप में परिवर्तित करते हुए सभी तरह के अवकाश और एसीपी आदि संबंधी कार्य भी 1 जनवरी 2024 से मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ही किए जाएं। वर्ष 2023-24 की वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीआर)मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ही ऑनलाइन दाखिल की जाए। स्थानांतरण की स्थिति में कार्यमुक्त किए जाने और कार्यभार ग्रहण करने की कार्यवाही भी मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से की जाए।

# बस्तर में नक्सलवाद ले रहा आखिरी सांसें : राज्यपाल

एजेंसी । रायपुर

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने सोमवार को कहा कि राज्य में नक्सलवाद अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। सरकार इस खतरे को खत्म करने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। राज्यपाल ने कहा कि सुरक्षाबलों के जवानों के एक्शन और एरिया डोमिनेशन से बस्तर में नक्सलवाद आखिरी सांस ले रहा है।



#### '31 मार्च 2026 छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद खत्म'

राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य से नक्सलवाद को खत्म करने की दिशा में प्रभावी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में 31 मार्च 2026 तक देश को हिंसा से मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार की गई है। इसके अनुरूप लगातार कार्रवाई की जा रही है नक्सलवाद छत्तीसगढ़ में अंतिम सांसें ले रहा है। राज्यपाल ने कहा कि पिछले 14 महीनों में 300 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं, 972 ने आत्मसमर्पण किया है और 1,180 को गिरफ्तार किया गया है।

### हरियाणा निकाय चुनाव के लिए बीजेपी का संकल्प पत्र जारी

**रोहतक/चंडीगढ़।** हरियाणा में होने वाले निकाय चुनाव के लिए बीजेपी ने अपना संकल्प पत्र जारी कर दिया है। रोहतक पहुंचे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने निकाय चुनाव के लिए जनता के सामने संकल्प पत्र को पेश करते हुए लोगों से 19 वादे किए हैं। रोहतक पहुंचे हरियाणा सीएम नायब सिंह सैनी ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ संकल्प पत्र जारी किया। इस दौरान उनके साथ हरियाणा बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली भी मौजूद थे। बीजेपी ने निकाय चुनाव के लिए जारी किए गए संकल्प पत्र में हरियाणा की जनता से कई वादे किए हैं।

## व्यापार जगत

# शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

- सेंसेक्स 8 महीने के निचले स्तर पर
- निवेशकों को 4.22 लाख करोड़ रुपये का नुकसान

एजेंसी । नई दिल्ली

वैश्विक दबाव और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के चलते भारतीय शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 856.65 अंक टूटकर 74,454.41 अंक पर बंद हुआ, जो 7 जून 2024 के बाद सबसे निचला स्तर है। निफ्टी भी 242.55 अंक की गिरावट के साथ 22,553.35 अंक पर बंद हुआ। गिरावट में आईटी, मेटल, एनर्जी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में सबसे ज्यादा बिकवाली हुई, जबकि एफएमसीजी और ऑटो सेक्टर के शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। बीएसई लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 402.20 लाख करोड़ रुपये से घटकर 397.98 लाख करोड़ रुपये हो गया, जिससे निवेशकों को 4.22 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

#### सेंसेक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव



सेंसेक्स 74,893.45 अंक पर खुला और 923.62 अंक तक गिरकर 74,387.44 के स्तर तक पहुंचा। निफ्टी ने 22,609.35 अंक से शुरुआत की और 277.10 अंक गिरकर 22,518.80 अंक तक पहुंचा। टॉप गेनर्स: महिंद्रा एंड महिंद्रा (+1.49%), डॉक्टर रेड्डीज (+1.11%), आयशर मोटर्स (+0.97%), हीरो मोटोकॉर्प (+0.84%), कोटक महिंद्रा (+0.67%)। टॉप लूजर्स: विप्रो (-3.69%), एचसीएल टेक (-3.33%), टीसीएस (-2.92%), इंफोसिस (-2.80%), भारती एयरटेल (-2.32%)।

### श्रम कल्याण पर मंडाविया और आईएलओ महानिदेशक हुंगबो की चर्चा


**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मंडाविया ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ. हुंगबो से मुलाकात की। इस बैठक में श्रम कल्याण और सामाजिक सुरक्षा कवरेज बढ़ाने के लिए सहयोग पर चर्चा हुई। मंडाविया ने बैठक को उपयोगी बताते हुए कहा कि भारत विकसित भारत 2047 और जी-20 प्राथमिकताओं के तहत कार्यबल लचीलेपन को बढ़ाने के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने आईएलओ के साथ गहन सहयोग की उम्मीद जताई ताकि श्रमिकों के कल्याण और समावेशी एवं टिकाऊ भविष्य को साकार किया जा सके।



#### भारत में आईएलओ की भूमिका

भारत में आईएलओ का पहला कार्यालय 1928 में खोला गया था। वर्तमान में यह संगठन भारत सहित दक्षिण एशिया के देशों को श्रम सुधार और समावेशी विकास में तकनीकी सहायता प्रदान करता है। इस बैठक को भारत और आईएलओ के बीच श्रम सुधारों को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### ग्लेनमार्क मुकदमों को 70 लाख डॉलर में निपटाएगी




**नई दिल्ली।** ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स ने सोमवार को कहा कि वह जेनेरिक दवाओं से संबंधित अमेरिका में मुकदमों का निपटारा करने के लिए, तीन इकाइयों को 70 लाख अमेरिकी डॉलर का भुगतान करेगी। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि 2023 में उसने तीन वादी समूहों के साथ समझौता किया था। चार अंतिम भुगतानकर्ता वादी- ह्यूमैन इंक, सेटिन, कैसर फाउंडेशन हेल्थ प्लान और यूनाइटेड हेल्थकेयर सर्विसेज ने 2023 के समझौतों से बाहर निकलने का विकल्प चुना। कंपनी ने कहा कि ग्लेनमार्क अपने खिलाफ लगाए गए हर आरोप से इनकार करती है और समझौता इस आधार पर नहीं है कि दवा विनिर्माता ने कोई गलती स्वीकार की है।

### क्वालिटी पावर का शेयर 1.66% ऊपर 432.05 पर लिस्ट

**मुंबई।** क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट्स लिमिटेड का शेयर आज बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) पर इश्यू प्राइस से 1.66% ऊपर 432.05 पर लिस्ट हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर शेयर इश्यू प्राइस से 1.18% ऊपर 430 पर लिस्ट हुआ। क्वालिटी पावर इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट्स के IPO का इश्यू प्राइस 425 था। हालांकि, दिनभर के कारोबार के बाद यह शेयर BSE पर इश्यू प्राइस से 8.93% गिरकर 387.05 पर बंद हुआ। वहीं, NSE पर शेयर इश्यू प्राइस से 9.76% गिरकर 383.50 पर बंद हुआ। यह IPO 14 फरवरी से 18 फरवरी तक बोली लगाने के लिए ओपन था, जो टोटल 1.29 गुना सब्सक्राइब हुआ था। रिटेल कैटेगरी में IPO 1.82 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIB) कैटेगरी में 1.82 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NII) कैटरगी में 1.45 गुना सब्सक्राइब हुआ था।




# भारत-ब्रिटेन के बीच एफटीए वार्ता फिर शुरू

- दिल्ली में बैठक जारी

एजेंसी । नई दिल्ली

ब्रिटेन के व्यापार और वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर चर्चा को फिर से शुरू करने के लिए सोमवार को नई दिल्ली पहुंचे। आठ महीने के अंतराल के बाद भारत और ब्रिटेन के बीच 15वें दौर की वार्ता शुरू कर रहे हैं, जिसमें व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर बातचीत होगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जोनाथन रेनॉल्ड्स का स्वागत करते हुए कहा कि वे एफटीए वार्ता को आगे बढ़ाने को लेकर उत्साहित हैं। ब्रिटेन सरकार के अनुसार, यह दो दिवसीय वार्ता आधुनिक आर्थिक समझौते पर चर्चा के लिए हो रही है, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना है।

#### एफटीए वार्ता की पृष्ठभूमि



भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए वार्ता 23 जनवरी 2022 को शुरू हुई थी। दिसंबर 2023 तक 13 दौर की बातचीत पूरी हो चुकी थी, जिसमें व्यापार, निवेश, टेक्नोलॉजी, कृषि और सेवा क्षेत्रों पर चर्चा हुई। 2024 में ब्रिटेन में आम चुनाव के कारण बातचीत रुक गई थी, जिसे अब फिर से शुरू किया जा रहा है। ब्रिटिश मंत्री रेनॉल्ड्स ने कहा कि यह समझौता भारत-ब्रिटेन के व्यापारिक संबंधों को मजबूत करेगा, आर्थिक विकास को गति देगा और रोजगार के नए अवसर सृजित करेगा। एफटीए वार्ता का नतीजा दोनों देशों के लिए आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

### कॉफी डे के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया फिर शुरू

**नई दिल्ली।** कैफे कॉफी डे श्रृंखला का स्वामित्व रखने वाली कॉफी डे एंटरप्राइजेज लिमिटेड के खिलाफ दिवाला प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई है, क्योंकि अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी उच्चतम न्यायालय की निर्धारित 21 फरवरी की समयसीमा के भीतर आदेश पारित नहीं कर सका। सीडीईएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि पिछले सप्ताह राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) की चेन्नई पीठ ने अपने निलंबित बोर्ड के निदेशक द्वारा दायर अपील पर सुनवाई पूरी कर ली थी और अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पॉन्सिबिलिटी है

मुंबई, मंगलवार, 25 फरवरी 2025



# ऑस्ट्रेलिया-दक्षिण अफ्रीका मुकाबले में हो सकती है रनों की बारिश

**चैंपियंस ट्रॉफी**

- 110 वनडे मुकाबले अभी तक दोनों टीमों ने आपस में खेले हैं
- 55 मैच द. अफ्रीका, 51 ऑस्ट्रेलिया ने जीते, 3 टाई, एक बेनतीजा
- 315/6 रन दक्षिण अफ्रीका ने अफगानिस्तान के खिलाफ बनाए
- 356/5 का रिकॉर्ड लक्ष्य हासिल कर कंगारुओं ने इंग्लैंड को हराया

एजेंसी । रावलपिंडी

अपने बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन से चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान का जीत से आगाज करने वाले ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीमें मंगलवार को आमने-सामने होंगी। उम्मीद है कि क्रिकेटप्रेमियों को इस मैच में रनों की बरसात देखने का मौका मिलेगा। वैसे भी अभी तक के मुकाबलों में बल्लेबाजों का दबदबा रहा है।



### नजर सेमीफाइनल पर

दोनों टीमों का बल्लेबाजी विभाग काफी मजबूत है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीमें एक-एक मैच जीत चुकी हैं और इस मैच में जीत से सेमीफाइनल की तरफ कदम बढ़ाना चाहेंगी। ऑस्ट्रेलिया के कई प्रमुख खिलाड़ी चोटिल होने के कारण इस टूर्नामेंट में भाग नहीं ले रहे हैं। इसलिए कम लोग ही उसे दावेदारों में शामिल कर रहे थे लेकिन लाहौर में इंग्लैंड के खिलाफ जिस तरह से उसने रिकॉर्ड लक्ष्य हासिल किया उससे साफ हो गया है कि ऑस्ट्रेलिया को कमजोर आंकना बहुत बड़ी गलती होगी। लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया को पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी की कमी खलेगी, लेकिन शुरुआती मैच में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन ने इसकी भरपाई कर दी।

### जमकर बोला बल्ला

जोश इंगलिस के शतक ने उनके आत्मविश्वास को मजबूत किया होगा। मैथ्यू शॉर्ट, मार्नस लाबुशेन, एलेक्स कैरी और ग्लेन मैक्सवेल ने भी उपयोगी योगदान दिया। केवल कप्तान स्टीव स्मिथ और सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ही पहले मैच में रन नहीं बना पाए थे। वे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इसकी भरपाई करने को प्रतिबद्ध होंगे। गेंदबाजी विभाग में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। मैक्सवेल इंग्लैंड के खिलाफ महंगे थे। छठे गेंदबाज की भूमिका लाबुशेन और शॉर्ट निभा सकते हैं।

### रिकलटन से फिर उम्मीद

दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रेयान रिकलटन भी अफगानिस्तान के खिलाफ आक्रामक शतक के बाद आत्मविश्वास से भरे होंगे। टीम को उनसे फिर ऐसी ही पारी की उम्मीद होगी। दक्षिण अफ्रीका के तीसरे चौथे और पांचवें नंबर के बल्लेबाज ने पिछले मैच में अर्धशतक लगाए, थे जो तेंबा बावुमा की अगुआई वाली टीम के लिए अच्छे संकेत हैं। हेनरिक क्लासेन चोट के कारण पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे और उनका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना भी संदिग्ध है। कैगिसो रबाडा के नेतृत्व में दक्षिण अफ्रीका का तेज गेंदबाजी आक्रमण बेहतर नजर आ रहा है और वह इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा।

# पाक की हार पर बरसे शोएब अख्तर और अकरम

एजेंसी । मुंबई



चैंपियंस ट्रॉफी में भारत से छह विकेट की हार के बाद पाक के दिग्गज पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर और वसीम अकरम टीम प्रबंधन पर बरस पड़े। उन्होंने कहा कि टीम बिना किसी स्पष्ट दिशा के टूर्नामेंट में उतरी है।

### 'हार की आदत हो गई'

दूसरी ओर 'स्विंग ऑफ सुल्तान' वसीम अकरम ने एक चैनल से बात करते हुए कहा, हमें अब हार की आदत हो गई है। रिजवान की कप्तानी बेहद खराब रही है। हम कुछ समय से सफेद गेंद क्रिकेट में हारे जा रहे हैं। अब वक्त आ गया है कि कोई बड़ा फैसला करने का, कड़ा फैसला करने का। अब हमें युवा निडर खिलाड़ियों को लेकर आना होगा। उन्होंने साथ ही कहा, चाहे आपको पांच-छह खिलाड़ियों को बदलने पड़े, आपको फैसला करना ही होगा। मैच हारें फिर भी आप उन्हें सपोर्ट करें और 2026 के विश्व कप की टीम अभी से तैयार करें। पिछले पांच मैचों में हमारे गेंदबाजों ने केवल 24 विकेट लिए हैं, 60 की औसत से। सबसे शर्मनाक ये है कि विश्व की 14 टीमों में यह गेंदबाजी औसत दूसरी सबसे खराब गेंदबाजी परफॉर्मेंस है।

> "जब आप विराट को बताएंगे कि उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ मैच खेलना है तो वह तैयार होकर आएंगे और फिर शतक बनाएंगे। उन्हें सलाम। वह एक सुपरस्टार और वर्तमान समय के महान खिलाड़ी हैं। मुझे उम्मीद है कि वह 100 शतक बनाएंगे।
> –शोएब अख्तर, पूर्व पाक गेंदबाज

### 'पहले से जानता था'

अख्तर ने अपने एक्स अकाउंट पर जारी किए गए वीडियो में कहा, हार से बिल्कुल भी निराश नहीं हूं क्योंकि मैं जानता था कि क्या होने वाला है। आप पांच गेंदबाजों का चयन नहीं कर सकते। पूरी दुनिया छह गेंदबाजों के साथ खेल रही है, आप दो ऑलराउंडरों के साथ जाते हैं। कोई बुद्धिहीन और नासमझ टीम प्रबंधन ही ऐसा कर सकता है। पूर्व तेज गेंदबाज ने आरोप लगाया कि ऐसी टीम चुनी गई जिसमें बड़ी प्रतियोगिताओं में खेलने के लिए जरूरी कौशल और समझ की कमी है। उन्होंने कहा, हम खिलाड़ियों को दोष नहीं दे सकते क्योंकि न तो खिलाड़ियों को कुछ पता है, न ही प्रबंधन को। उनके पास रोहित, विराट और शुभमान जैसा कौशल नहीं है। कोई नहीं जानता कि उन्हें क्या करना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीधरन श्रीराम होंगे सीएसके सहायक गेंदबाजी कोच




चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने आईपीएल 2025 से पहले भारत के पूर्व ऑलराउंडर एस श्रीराम को टीम का सहायक गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। श्रीराम, स्टीफन फ्लेमिंग (मुख्य कोच), माइक हसी (बल्लेबाजी कोच) और एरिक सिमंस (गेंदबाजी सलाहकार) की अगुआई वाले कोचिंग दल में शामिल होंगे। श्रीराम सीएसके में ड्वेन ब्रावो की जगह लेंगे। ड्वेन ब्रावो मेंटर के रूप में पिछले चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स रूप में शामिल हुए हैं। वह 2016 से 2022 तक ऑस्ट्रेलिया के सहायक कोच थे। अगस्त 2022 में श्रीराम को एशिया कप और टी-20 विश्व कप से पहले बांग्लादेश का टी-20 सलाहकार भी नियुक्त किया गया था। सितंबर 2023 में वह आईपीएल 2024 के लिए सहायक कोच के रूप में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी में शामिल हुए थे।

### पिंक लेडीज कप में रूस ने भारत को हराया



शारजाह। भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम को पिंक लेडीज कप के अपने दूसरे मुकाबले में रूस के हाथों हार का सामना करना पड़ा। अल हमरिया स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में रविवार रात खेले गए मुकाबले में रूस ने भारत को 2-0 से हराया। पहले हॉफ में ग्लेफिरा झुकोवा ने 25वें मिनट में गोलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद दूसरे हॉफ में वेलेंटिना स्मिरनोवा ने 92वें मिनट में दूसरा गोल दागकर स्कोर 2-0 कर दिया। भारतीय टीम का अगला मुकाबला बुधवार को कोरिया गणराज्य से होगा। भारत ने मैत्री प्रतियोगिता के अपने शुरुआती मैच में जॉर्डन को 2-0 से हराया था।

### वीनस ने इंडियन वेल्स में वाइल्ड कार्ड ठुकराया



कैलिफोर्निया। विश्व की पूर्व नंबर एक वीनस विलियम्स ने इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के लिए वाइल्डकार्ड ठुकरा दिया है। आयोजकों ने पिछले सप्ताह अमेरिका की इस स्टार खिलाड़ी को आमंत्रित किया था, लेकिन सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन ने इसे स्वीकार नहीं किया है। विलियम्स ने टेनिसवीकली पॉडकास्ट को भी बताया था कि वह 2-16 मार्च तक चलने वाले इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में वापसी नहीं करेंगी। उन्होंने कहा, मैं नहीं खेलूंगी। मैं विदेश में रहूंगी। टूर्नामेंट निदेशक टॉमी हास के हवाले से सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट बयान में कहा गया है-हमारी टीम को सूचित किया गया है कि वीनस इस साल वाइल्डकार्ड स्वीकार नहीं कर रही हैं। हम वीनस को शुभकामनाएं देते हैं।

डब्ल्यूपीएल

## दूसरी जीत की तलाश में दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी गुजरात जाइंट्स

बेंगलुरु। महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) पिछला मैच हारी हुई दो टीमें मंगलवार को आमने-सामने होंगी। ऐसे में बेशक दोनों जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेंगी। बल्लेबाजों के कमजोर प्रदर्शन से जूझ रहे गुजरात जाइंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के इस मैच में जीत के लिए जोरदार भिड़ंत होने की संभावना है। पिछले दो सत्र में अंतिम स्थान पर रही गुजरात की टीम तीन मैच में सिर्फ एक जीत के साथ अंतिम स्थान पर है। इस बीच दिल्ली कैपिटल्स की टीम भी पिछले मैच में यूपी वारियर्स से 33 रन की हार के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गई है। टीम की पांच मैच में यह तीसरी हार थी। लीग की शुरुआत के बाद से ही सबसे निरंतर प्रदर्शन करने वाली टीमों में शामिल रही दिल्ली की टीम मौजूदा सत्र में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई है। टीम का बल्लेबाजी क्रम लगातार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहा है। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा और मेग लेनिंग ने अच्छी शुरुआत की है लेकिन उसका फायदा उठाने में नाकाम रही हैं। लैनिंग ही अब तक सिर्फ अच्छी पारी खेल पाई हैं जिससे संकेत मिलते हैं कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का उनके खेल पर असर नहीं पड़ा है। शेफाली, जेमिमा रोड्रिग्स और अनाबेल सदरलैंड ने कुछ प्रभाव छोड़ा है लेकिन वे अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर पाई हैं। दूसरी ओर गुजरात जाइंट्स की टीम ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर पर बहुत अधिक निर्भर है जो उनके लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी रही हैं। गार्डनर टूर्नामेंट में तीसरी सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं जिन्होंने तीन पारियों में 141 रन बनाए हैं। हालांकि मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में उनकी विफलता ने टीम की बल्लेबाजी में गहराई की कमी को उजागर कर दिया क्योंकि टीम सिर्फ 120 रन पर ढेर हो गई। भारतीय बल्लेबाजों, विशेषकर तीसरे नंबर पर खेल रहीं डी हेमलता पर दबाव बढ़ रहा है।



- पिछला मुकाबला हार चुकीं दोनों टीमें जीत की राह पर लौटने के लिए देंगी कड़ी टक्कर
- दिल्ली तीसरे जबकि गुजरात की टीम पांचवें स्थान पर है
- 04 मैच में दो जीत और दो हार के साथ दिल्ली के चार अंक हैं
- 03 मैच में गुजरात की टीम एक जीत से दो अंक ही ले सकी है

**ट्रेलर आउट**

# द वेकिंग ऑफ ए नेशन : जलियांवाला बाग हत्याकांड का सच




जाने-माने निर्देशक और निर्माता राम माधवानी इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'द वेकिंग ऑफ ए नेशन' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस शो में जलियांवाला बाग हत्याकांड से जुड़े कई पहलुओं को दिखाया जाएगा। इसमें तारुक रैना और निकिता दत्ता मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने 'द वेकिंग ऑफ ए नेशन' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें जलियांवाला बाग हत्याकांड के दौरान हुए दंगों और भारत की स्थिति की झलक दिख रही है। 'द वेकिंग ऑफ ए नेशन' का प्रीमियर 7 मार्च, 2025 से OTT प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर होने जा रहा है। इसमें तारुक और निकिता के अलावा साहिल मेहता, भावशील सिंह, एलेक्स रीस और पॉल मैकइवान जैसे कई कलाकार भी अभिनय करते दिखाई देंगे। शांतनु श्रीवास्तव और शत्रुजीत नाथ और राम माधवानी ने मिलकर इस शो को लिखा है।

# लक्ष्मण उतेकर ने गणोजी-कान्होजी शिर्के के वंशजों से मांगी माफी

## मानहानि के मुकदमे की मिली थी धमकी



विक्की कौशल द्वारा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में अभिनीत फिल्म 'छावा' को देश के सभी हिस्सों से प्यार मिल रहा है, लेकिन ऐसा लगता है कि यह मराठा योद्धाओं गनोजी और कान्होजी शिर्के के वंशजों को नाराज कर रही है। उन्होंने फिल्म पर दोनों को नकारात्मक रूप में दिखाने का आरोप लगाया और यहां तक कि 100 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा दायर करने की धमकी भी दी, जिसके बाद निर्देशक लक्ष्मण उतेकर ने माफी मांगी।

फिल्म छावा में दिखाया गया है कि छत्रपति संभाजी महाराज के सबसे करीबी लोगों गणोजी और कान्होजी ने मुगल सम्राट औरंगजेब से हाथ मिला लिया और मराठा शासक को धोखा दिया, जिसके कारण उनकी भीषण मृत्यु हो गई। फिल्म की रिलीज के बाद, गणोजी और कान्होजी शिर्के के 13वें वंशज लक्ष्मीकांत राजे शिर्के ने निर्माताओं पर ऐतिहासिक तथ्यों की गलत व्याख्या करने का आरोप लगाया।

### लक्ष्मण उतेकर ने भूषण शिर्के से किया संपर्क

रिपोर्ट्स के अनुसार, लक्ष्मण उतेकर ने इसके बाद वंशजों में से एक भूषण शिर्के से संपर्क किया और अनजाने में परिवार की भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए उनसे माफी मांगी। उन्होंने यह भी कहा कि फिल्म में गनोजी और कान्होजी दोनों के अंतिम नाम और गांव का नाम नहीं बताया गया है।

### निर्देशक को नोटिस जारी

उन्होंने एक आधिकारिक बयान में कहा, 'इससे परिवार की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है, इसलिए हमने फिल्म निर्देशक को नोटिस जारी किया है और उनके खिलाफ 100 करोड़ रुपये का मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे।' 20 फरवरी को परिवार ने लक्ष्मण उतेकर को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा और फिल्म में आवश्यक बदलाव करने का आग्रह किया।

### निर्देशक ने मांगी माफी

निर्देशक ने कथित तौर पर शिर्के से कहा, 'छावा में हमने केवल गणोजी और कान्होजी के नाम का उल्लेख किया है, उनके उपनाम का उल्लेख नहीं किया है। हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि वे किस गांव से ताल्लुक रखते हैं, इसका खुलासा न किया जाए। हमारा इरादा शिर्के परिवार की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था।

## दुपहिया : कॉमेडी और सस्पेंस से भरपूर



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता गजराज राव पिछले काफी समय से अपनी आगामी वेब सीरीज 'दुपहिया' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान सोनम नायर ने संभाली है। इसकी कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। इस वेब सीरीज गजराज के साथ अभिनेत्री रेणुका शहाणे मुख्य भूमिका में होंगी। भुवन अरोड़ा भी इसका अहम हिस्सा हैं। अब निर्माताओं ने 'दुपहिया' का जबरदस्त ट्रेलर जारी कर दिया है, जो कॉमेडी और सस्पेंस से भरपूर है। 'दुपहिया' का प्रीमियर 7 मार्च, 2025 से OTT प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर होने जा रहा है। गजराव, रेणुका और भूवन के अलावा इस वेब सीरीज में स्पर्श श्रीवास्तव, शिवानी रघुवंशी और यशपाल शर्मा जैसे कलाकार भी अभिनय करते नजर आएंगे।

## माई मेलबर्न : 4 अलग-अलग कहानियां



इम्तियाज अली पिछली बार दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा के साथ फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' लेकर आए थे, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। अब दर्शक इम्तियाज की आगामी फिल्म की राह देख रहे हैं, जिसका नाम 'माई मेलबर्न' है। यह फिल्म 14 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। अब निर्माताओं ने 'माई मेलबर्न' का ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें 4 अलग-अलग कहानियां दिखाई गई हैं। इम्तियाज इस फिल्म का निर्देशन ओनिर, रीमा दास और कबीर खान के साथ मिलकर कर रहे हैं। विलियम डुआन, झाओ टैमी यांग, समीरा कॉक्स और पुनीत गुलाटी फिल्म के सह-निर्देशक हैं। इस फिल्म के निर्माता मितु भौमिक लांगे हैं, जो प्रमुख फिल्म वितरक और मेलबर्न के भारतीय फिल्म महोत्सव (IFFM) के महोत्सव निदेशक हैं।

## 'हेराफेरी 3' से भी कटा कार्तिक का पत्ता



हिंदी सिनेमा की कॉमेडी फिल्मों में 'हेराफेरी' का अलग ही फैन बेस है। इसमें परेश रावल के निभाए किरदार बाबूराव गणपतराव आप्टे पर जितने मीम्स बने हैं, उतने शायद ही हिंदी सिनेमा के किसी दूसरे किरदार पर बने हों। अगले महीने इस फिल्म की रिलीज के 25 साल पूरे होने जा रहे हैं और इस दिन फिल्म 'हेराफेरी 3' को लेकर भी एक बड़ा एलान होने जा रहा है। इस फ्रेंचाइजी की साल 2006 में रिलीज सीक्वल 'फिर हेराफेरी' को नीरज वोरा ने निर्देशित किया था। अब प्रियदर्शन इसकी तीसरी कड़ी निर्देशित करने जा रहे हैं और ये पहली बार होगा जब प्रियदर्शन अपनी ही किसी फिल्म की कोई सीक्वल निर्देशित करेंगे। फिल्म में एक अहम किरदार कार्तिक आर्यन का भी था, और फिल्म में बाबूराव का किरदार करने वाले परेश रावल ने बाकायदा इसकी सोशल मीडिया पर पुष्टि भी की थी, लेकिन अब कार्तिक आर्यन इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं।

## नानी का हिंसक अवतार



साउथ के नेचुरल स्टार नानी की आगामी फिल्म 'हिटः द थर्ड केस' का टीजर जारी हुआ है। आज अभिनेता के जन्मदिन पर फैंस को खास तोहफा मिला है। फिल्म के टीजर में नानी का हिंसक पक्ष दिखाया गया है अभिनेता के जन्मदिन के अवसर पर रिलीज की गई है। टीजर में नानी का हिंसक पक्ष दिखाया गया है। साथ ही अभिनेता का एक्शन अवतार देखने को मिला। नानी ने अपने चौंकाने वाले परिवर्तन से दर्शकों को चौंका दिया। फिल्म में नानी ने एक क्रूर पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाई है, जो अपराधियों पर कोई दया नहीं दिखाता। कश्मीर की भयावह पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म अर्जुन सरकार (नानी द्वारा अभिनीत) की कहानी बयां करता है, जो एक उग्र और निर्दयी अधिकारी है, जिसे एक सीरियल किलर का शिकार करने के लिए बुलाया जाता है।

न्यूज़ ब्रीफ

## 64 साल बाद गुजरात में कांग्रेस का राष्ट्रीय अधिवेशन

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में अप्रैल में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का राष्ट्रीय अधिवेशन होगा। 139 साल पुरानी पार्टी का गुजरात में यह सम्मेलन तीसरी बार होगा। इससे पहले 1936 और 1961 में राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। साल 1961 के 64 साल बाद यह सम्मेलन गुजरात में होगा। गुजरात कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने सम्मेलन के आयोजन का अवसर देने के लिए गुजरात की जनता की ओर से पार्टी हाईकमान का आभार जताया। उन्होंने कहा कि अधिवेशन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

## कूड़ा प्रबंधन को लेकर कोर्ट ने राज्यों से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कूड़ा प्रबंधन को लेकर एनसीआर के राज्यों से जवाब तलब किया है। अदालत ने सोमवार को कहा कि कचरे को स्रोत पर ही अलग-अलग करना पर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण है। जस्टिस अभय एस ओका और उज्जवल भुइयां की पीठ ने कहा कि ठोस कूड़ा प्रबंधन 2016 के नियमों का पालन न होने से देश के कई शहर प्रभावित हो रहे हैं। पीठ ने कहा कि हम देख रहे हैं स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का काम तेजी से चल रहा है, लेकिन ठोस कूड़ा प्रबंधन नियमों का पालन किए बिना शहरों को स्मार्ट कैसे बनाया जा सकता है? कोर्ट ने एनसीआर में आने वाले राज्य दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान से कूड़ा प्रबंधन नियमों का पालन न करने पप जवाब मांगा।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 4-5 मार्च को भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली में सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय किया है। ज्ञानेश कुमार के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से यह पहला ऐसा सम्मेलन है। चुनाव आयोग के अनुसार पहली बार मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे सम्मेलन में भाग लेने के लिए एक डीईओ और एक ईआरओ को नामित करें। सांविधिक अधिकारियों के रूप में सीईओ, डीईओ और ईआरओ राज्य, जिला और विधानसभा क्षेत्र के स्तर पर महत्वपूर्ण पदाधिकारी हैं। दो दिवसीय सम्मेलन राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के निर्वाचन अधिकारियों को विचार-मंथन और एक-दूसरे के अनुभवों से परस्पर सीखने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सम्मेलन के पहले दिन आधुनिक निर्वाचन प्रबंधन के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चर्चा होगी, जिसमें पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिका शामिल है।

## संभल हिंसा : यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संभल हिंसा मामले में सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में एक स्थिति रिपोर्ट दाखिल की। रिपोर्ट में कहा गया है कि जिस कुएं की बात हो रही है, वह मस्जिद के बाहर है और सार्वजनिक संपत्ति पर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि याचिकाकर्ता ने भ्रामक तस्वीरों का उपयोग करते स्थान को गलत तरीके से पेश किया, ताकि यह दिखाया जा सके कि विवादित कुआं मस्जिद के अंदर है।

# क्रिप्टो की सबसे बड़ी चोरी, जालसाजों ने 1.5 अरब डॉलर उड़ाए

डिजिटल चोरी

बायबिट से 1.5 अरब डॉलर की डिजिटल करेंसी की चोरी हुई, चोरी के बाद यूजर्स में दहशत

एजेंसी | दुबई

दुबई स्थित क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज बायबिट एक बड़ी डिजिटल चोरी का शिकार हुआ है। इसमें साइबर जालसाजों ने लगभग 1.5 अरब डॉलर मूल्य की इथीरियम चुरा ली है। इसे इतिहास की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी चोरी बताया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटना एक नियमित ट्रांसफर के दौरान हुई, जब फंड को 'कोल्ड वॉलेट से दैनिक लेनदेन के लिए उपयोग होने वाले 'वॉर्म वॉलेट में ट्रांसफर किया जा रहा था। हैकर ने इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर लगभग 4.01 लाख इथीरियम एक अज्ञात वॉलेट पर ट्रांसफर कर ली। इथीरियम बिटकॉइन के बाद सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी है। वहीं, बायबिट के दुनियाभर में छह करोड़ यूजर हैं।



### धनराशि सुरक्षित : सीईओ

बायबिट के सीईओ बेन झोउ ने ग्राहकों को आश्वस्त किया, आपकी धनराशि सुरक्षित है। कंपनी के पास अब भी 20 अरब डॉलर मौजूद है, जिससे इस नुकसान की भरपाई की जा सकेगी।

### इनाम की घोषणा, लाजरस ग्रुप पर संदेह

बायबिट ने चुराए गए फंड की वसूली के लिए ब्लॉकचेन फोरेंसिक विशेषज्ञों से सहयोग मांगा है। साथ ही इस काम में मदद करने वाले हैकर को कुल राशि का 10 फीसदी इनाम देने की भी घोषणा की है। इस चोरी के पीछे उत्तर कोरिया के कुख्यात लाजरस ग्रुप का हाथ होने का संदेह है। साइबर अपराधियों का यह समूह पहले भी बड़े पैमाने पर क्रिप्टोकरेंसी चोरियों के लिए जाना जाता है। हालांकि, अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

### पहले भी हो चुकी ऐसी घटनाएं

**2022 :** साइबर अपराधियों ने ऑनलाइन गेम एक्सी इनफिनिटी से जुड़े रोनिन नेटवर्क एक्सचेंज को हैक कर 62 करोड़ डॉलर मूल्य की क्रिप्टोकरेंसी पर हाथ साफ किया।

**2018 :** क्रिप्टो एक्सचेंज कोइनचेक से लगभग 53 करोड़ डॉलर मूल्य की क्रिप्टोकरेंसी चुराई।

**2018 :** टोक्यो स्थित एमटी .गॉक्स एक्सचेंज को हैक कर 47 करोड़ डॉलर की बिटकॉइन चुराई, जिससे यह एक्सचेंज दिवालिया हो गया।

### क्या है क्रिप्टोकरेंसी ?

क्रिप्टोकरेंसी एक डिजिटल या वर्चुअल करेंसी है, जिसे ऑनलाइन लेन-देन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह किसी सरकार या बैंक द्वारा नियंत्रित नहीं होती, बल्कि ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी पर काम करती है, जिससे इसे हैक या कॉपी करना लगभग नामुमकिन होता है। भारत में क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। देश में दो करोड़ से अधिक लोग क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर रहे हैं, जिनमें से अधिकांश की आयु 35 वर्ष से कम है।

## कोर्ट ने इंटरनेट विनियमन की याचिका खारिज

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश में इंटरनेट सेवाओं को विनियमित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि इंटरनेट सेवाएं मुक्त बाजार का हिस्सा हैं और उपभोक्ताओं के पास कई विकल्प मौजूद हैं।



### याचिकाकर्ता को अन्य विधिक उपाय अपनाने की सलाह

सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि लैन, वायर्ड इंटरनेट, बीएसएनएल और एमटीएनएल जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की सेवाएं भी उपलब्ध हैं। याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि बाजार में रिलायंस जियो और एयरटेल का नियंत्रण बढ़ रहा है, जिस पर अदालत ने सुझाव दिया कि यदि 'एकाधिकार' (कर्टेलाइजेशन) का आरोप है, तो मामला भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) के समक्ष ले जाया जाना चाहिए। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत इस याचिका पर विचार नहीं किया जाएगा। हालांकि, याचिकाकर्ता को अन्य वैधानिक उपाय अपनाने की स्वतंत्रता दी गई है। यह याचिका रजत नामक व्यक्ति द्वारा दायर की गई थी, जिसमें इंटरनेट सेवाओं को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की गई थी।

# बांग्लादेश में फिर बढ़ रहा बवाल

छात्रों ने थमाया 24 घंटे का अल्टीमेटम; मांगा एक और इस्तीफा



एजेंसी | ढाका

बांग्लादेश में बीते साल हुई हिंसा के बाद से देश अब तक उबर नहीं पाया है। प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद और देश छोड़ने के बाद मोहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी संभाल ली थी, लेकिन उनकी सरकार देश में अब तक शांति बहाल कराने में कामयाब नहीं हो पाई है। ऐसे में अब उनकी सरकार के खिलाफ विरोध के सुर उठने शुरू हो गए हैं। लगातार प्रदर्शनों के बीच वामपंथी छात्र संगठनों ने सोमवार को गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी के इस्तीफे की मांग की है। यहीं नहीं छात्रों ने इसके लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम भी दे दिया है।

### 'गृह सलाहकार हमसे बच नहीं पाएंगे'


प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने बताया है कि इस प्रदर्शन के जरिए देश भर में महिलाओं के खिलाफ बलात्कार और हिंसा की घटनाओं को रोकने, बलात्कार और उत्पीड़न के सभी मामलों में न्याय सुनिश्चित करने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा है कि गृह सलाहकार को इस्तीफा देना ही होगा। एक प्रदर्शनकारी छात्रा ने बताया, 'पुलिस हमें क्यों रोक रही है? वे बलात्कारियों और अपराधियों को रोक नहीं पाते हैं लेकिन उन्हें लगता है कि वे हमें रोक सकते हैं? गृह सलाहकार हमसे बच नहीं पाएंगे।' रिपोर्ट के मुताबिक छात्रों का एक समूह गृह मंत्रालय की ओर मार्च कर रहा था, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके बाद स्टूडेंट्स का गुस्सा चरम पर है और प्रदर्शनकारियों ने शिक्षा भवन के सामने पहुंचकर 24 घंटे में इस्तीफे की मांग की है। इस घोषणा के बाद प्रदर्शनकारियों ने ढाका विश्वविद्यालय की ओर मार्च किया। खबरों के मुताबिक दोपहर के बाद बड़ी संख्या में छात्र एकजुट होना शुरू हो गए।

# अगले वर्ष तक बिजली से संचालित होंगी ट्रेन

रेलवे और मध्य प्रदेश में बिजली खरीद समझौता

एजेंसी | भोपाल

रेलवे विद्युतीकरण की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि रेलवे अगले साल तक 100 फीसदी विद्युतीकरण का लक्ष्य पूरा कर लेगा। साथ ही हम नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग में भी प्रगति कर रहे हैं। एमपी ग्लोबल निवेशक सम्मेलन में राज्य के साथ बिजली खरीद समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद वर्चुअल संबोधन में उन्होंने कहा कि सरकार 2030 तक रेलवे को



नेट जीरो बनाने का लक्ष्य पर काम कर रही है। केंद्रीय रेल मंत्री ने कहा कि अब तक रेलवे का 97 प्रतिशत से अधिक विद्युतीकरण हो चुका है और वित्त वर्ष 2025-26 तक 100 प्रतिशत विद्युतीकरण हो जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से बिजली प्राप्त करने की क्षमता में इजाफा किया गया है।

### रेलवे को 1500 मेगावाट से 1.5 गीगावाट की क्षमता तक बिजली आपूर्ति

रेलवे को 1500 मेगावाट से 1.5 गीगावाट की क्षमता तक बिजली आपूर्ति की जा चुकी है। मध्य प्रदेश के साथ 170 मेगावाट बिजली खरीद का समझौता इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह समझौता रेलवे, वारी एनर्जी और रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर लिमिटेड के बीच हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश जो भी नवीकरणीय ऊर्जा उत्पन्न कर सकता है रेलवे उसे खरीदने के लिए तैयार है, बशर्ते आपूर्ति स्थिर रहे। अगर मध्य प्रदेश परमाणु ऊर्जा संयंत्र भी स्थापित कर सकता है तो रेलवे खरीदने के लिए तैयार है।

बिहार दौरे पर पीएम

# पीएम के मंच से नीतीश का इलेक्शन कार्ड

एनडीए का मिशन बिहार : लालू पर किया वार तो मोदी की तारीफ के पुल बांधे

एजेंसी | पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे विधानसभा चुनाव के नजरिए से काफी अहम माना जा रहा है। इसे एनडीए के मिशन बिहार का आगाज माना जा रहा है। मोदी के मंच पर एनडीए की एकजुटता दिखी। सभी घटक दलों के नेता मौजूद तो रहे ही, पीएम मोदी ने रथनुमा खुली जीप पर नीतीश कुमार के साथ रोड शो वाले अंदाज में एंट्री लेकर इसे पुख्ता कर दिया। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए इस मौके को नीतीश कुमार ने भी मौके का भरपूर उपयोग किया। एक ओर नरेंद्र मोदी के विकास के विजन की खुलकर तारीफ की तो विपक्षी लालू प्रसाद पर जमकर निशाना साधा। लगे हाथ सीएम ने यह भी कह दिया कि जैसे पहले आपका समर्थन मिलता रहा उसे आगे भी जारी रखिएगा। मंच पर नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी के बीच बेहतरीन केमिस्ट्री नजर आई।



### राज्य का बजट 3 लाख करोड़

नीतीश कुमार ने कहा कि आज किसी प्रकार का डर नहीं है, प्रेम भाईचारा और शांति बहाल है। सभी क्षेत्रों में विकास हो रहा है 2005 में राज्य का बजट 28000 करोड़ था अब यह बढ़कर 3 लाख करोड़ हो गया है। हम लोगों ने लगातार काम किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का पूरा सहयोग मिलता रहा तो बिहार लगातार आगे बढ़ रहा है। पीएम यहां पर आए हैं तो आप जान लीजिए कि इस एरिया के विकास के लिए भी काम होगा।

### किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी

नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार के लिए सौभाग्य की बात है कि आज हमारी धरती से देश भर के किसानों के लिए किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी की जा रही है जिसमें 22000 करोड़ से ज्यादा की राशि देश के किसानों के खाते में सीधे गई है। इसमें 76000 बिहार के किसान परिवार भी शामिल हैं जिनके खाते में 1600 करोड़ की राशि भेजी गई है। इसका सीधा फायदा बिहार के किसानों को मिलेगा। बिहार में शुरू से ही कृषि पर जोड़ दिया गया। इसके लिए कृषि रोड मैप बनाए गए। वर्तमान में चतुर्थ कृषि रोड मैप पर राज्य में काम चल रहा है।

### 'देश का विकास हो रहा है'

उन्होंने कहा किप्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है और बिहार के विकास में भी इनका सहयोग मिल रहा है। पिछले बजट में उद्योग, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन के लिए बड़ी राशि देने की घोषणा की गई। अब इस वर्ष के बजट में भी बिहार में मखाना बोर्ड, ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट की स्थापना, पश्चिमी कोसी नहर के लिए वित्तीय सहायता दी गई और प्रसंस्करण संस्थाओं की स्थापना की जाएगी।

### 'केंद्र का सहयोग सराहनीय : नीतीश कुमार'

बिहार की प्रगति में केंद्र का सहयोग सराहनीय है और हम लोग जो आए यहां सरकार में तब से हम लोग बिहार के विकास में लगे हुए हैं। सभी क्षेत्रों में तेजी से कम हो रहा है। आप लोगों को याद होगा कि जब हम लोग पहली बार सरकार में आए थे तो क्या स्थिति थी। आप जानते हैं कि शाम के बाद कोई घर से बाहर नहीं निकलता था इतना बुरा हाल था।

फोटो विवाद

# कायम हैं आंबेडकर-भगत सिंह की तस्वीरें

- आतिशी बोलीं- CM दफ्तर से भगत सिंह-अंबेडकर की तस्वीरें हटाईं
- बीजेपी ने फोटो जारी कर कहा- झूठ बोला जा रहा, केवल जगह बदली गई



एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनने के बाद सोमवार को सदन का पहला दिन था। शुरुआती कार्यावाही के बाद विधानसभा का पहला दिन हंगामे की भेंट चढ़ गया। दरअसर आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार पर मुख्यमंत्री कार्यलाय से भगत सिंह और डॉ. भीमराव आंबेडकर की तस्वीरें हटाकर पीएम मोदी की मूर्ति लगाने का आरोप लगाया। 'आप' के आरोप के बाद भाजपा ने फोटो जारी करते हुए कहा कि डॉ. आंबेडकर और भगत सिंह की फोटो कायम है, इसके साथ ही तीन नई फोटो भी लगी हैं।

### आप के आरोपों पर बीजेपी का जवाब



मुख्यमंत्री कार्यालय से डॉ. आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीरें हटाने वाले आम आदमी पार्टी के आरोपों पर बीजेपी का जवाब सामने आया है। बीजेपी की दिल्ली इकाई ने सोशल मीडिया पर तस्वीर जारी करते हुए कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और सभी मंत्रियों के कक्ष में महात्मा गांधी, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर, भगत सिंह, महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के चित्र लगाए गए हैं।

डीबीडी एंकर | हर 5 में से 3 मरीज नहीं बच पाते, महिलाओं में अधिक खतरा

# इलाज के बाद भी कैंसर के आगे दम तोड़ रहे भारतीय

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत में कैंसर से होने वाली मौतों के लेकर एक रिपोर्ट सामने आई है। वैश्विक कैंसर डेटा के विश्लेषण के बाद यह अनुमान लगाया गया है कि भारत में हर पांच में से तीन लोग कैंसर के निदान के बाद दम तोड़ देत हैं। इसमें पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या ज्यादा है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के अध्ययन में पाया गया कि चीन और अमेरिका के बाद भारत कैंसर की घटनाओं के मामले में तीसरे स्थान पर है, और दुनिया भर में कैंसर से मौत के 10 प्रतिशत से अधिक मामले भारत में सामने आते हैं, जो चीन के बाद दूसरे स्थान पर है।



### क्या कहती है रिपोर्ट?

द लांसेट रीजनल हेल्थ साउथईस्ट एशिया के जर्नल में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक कैंसर की वजह से अमेरिका में मृत्यु दर का अनुपात लगभग चार में से एक पाया गया, जबकि चीन में यह दो में से एक था। शोधकर्ताओं के अनुमान के मुताबिक आने वाले दो दशकों में भारत को कैंसर से होने वाली मौतों को संभालने में कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि आज का युवा देश भारत धीरे-धीरे उम्र में आगे बढ़ेगा, जिसकी वजह से कैंसर के मामलों में भी दो प्रतिशत की वृद्धि होगी।

### महिलाओँ को कैंसर का अधिक प्रकोप

हालांकि भारत में पुरुषों की तुलना में महिलाओँ को कैंसर का अधिक प्रकोप झेलना पड़ा है क्योंकि स्तन कैंसर अभी भी एक प्रचलित कैंसर है,जो पुरुषों और स्त्रियों दोनों के कैंसर के नए मामलों में 13 .8 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है, वहीं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर तीसरा सबसे बड़ा (9 .2 प्रतिशत) कारक है। महिलाओं में, कैंसर के नए मामलों के लगभग 30 प्रतिशत स्तन कैंसर के हैं, इसके बाद गर्भाशय ग्रीवा कैंसर है के लगभग 19 प्रतिशत मामले हैं। पुरुषों में सबसे अधिक पहचान मुख कैंसर के मामलों की हुई, जिसके 16 प्रतिशत नए मामलों दर्ज किए गए।

## पंजाब में 'डंकी रूट' वाले ट्रैवल एजेंट्स पर ऐक्शन

एजेंसी | नई दिल्ली

अमेरिका से लगातार डिपोर्ट किए जा रहे भारतीयों की संख्या को देखते हुए भारत में फर्जी ट्रैवल एजेंट्स पर गाज गिरनी शुरू हो गई है। अमृतसर में प्रशासन ने करीब 40 ट्रैवल एजेंट्स के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं, जबकि 17 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कथित तौर पर जिन भारतीयों को अमेरिकी सरकार ने हाल ही में डिपोर्ट किया है वह इन्हीं ट्रैवल एजेंट्स के जरिए अमेरिका पहुंचे थे। अमृतसर पुलिस ने शहर के 271 ट्रैवल एजेंटों को भी नोटिस जारी किया है, जिन्होंने अपने लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराया है। उप-मंडल मजिस्ट्रेटों को ट्रैवल एजेंटों और आव्रजन सलाहकारों के कार्यालयों में दस्तावेजों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पुलिस को ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ किसी भी शिकायत की स्थिति में तत्काल उपायुक्त कार्यालय को सूचित करने के लिए कहा गया है।



## यूएसएड विवाद पर कांग्रेस-भाजपा में जुबानी जंग

एजेंसी | नई दिल्ली

अमेरिकी एजेंसी यूएसएड की फंडिंग से जुड़े विवाद के बीच कांग्रेस ने सोमवार को दावा किया कि वित्त मंत्रालय की वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का 'झूठ' पूरी तरह से उजागर हो गया है। वहीं, भाजपा ने मुख्य विपक्षी दल पर भारत के लोकतंत्र को अस्थिर करने की कोशिश करने वाले विदेशी दानदाताओं के दखल का बचाव करने का आरोप लगाया। दरअसल, केंद्रीय वित्त मंत्रालय की ताजा वार्षिक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अमेरिकी एजेंसी ने 2023-24 में 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर की सात परियोजनाओं की फंडिंग की है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर



पोस्ट किया, 'किसी और ने नहीं, बल्कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने प्रधानमंत्री और उनके विदेश मंत्री सहित उनकी झूठ ब्रिगेड के झूठ को पूरी तरह से उजागर किया है। वित्त मंत्रालय की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट में कहा गया है कि यूएसएड वर्तमान में भारत सरकार के सहयोग से लगभग 75 करोड़ डॉलर के संयुक्त बजट की सात परियोजनाओं को कार्यान्वित कर रहा है।' उनके मुताबिक, इनमें से एक भी परियोजना का मतदान प्रतिशत से कोई लेना-देना नहीं है। रमेश ने कहा, 'ये सभी केंद्र सरकार के साथ और उसके माध्यम से हैं।'